**सुविचार**
अपनी ऊर्जा को चिंता करने में खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग समाधान ढूंढने में किया जाए।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 24 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 218 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3
E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
अदा शर्मा पर्दे पर बनेंगी फीमेल ...

# चंदा मामा अब 'टूर' के

## चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग, पूरे देश में जश्न

**AGENCY NEW DELHI :** भारत को चांद पर सफलता मिल गई है। चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर उतर कर इतिहास रच दिया है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत पहला देश बन गया है। चंद्रमा पर विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग के बाद प्रज्ञान रोवर उसमें से निकलेगा और चंद्रमा की सतह पर घूमकर शोध करेगा और जानकारी जुटाएगा। इसकी सफल लैंडिंग पर ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कभी कहा जाता था चंदा मामा बहुत दूर के हैं, अब एक दिन वो भी आएगा जब बच्चे कहा करेंगे चंदा मामा बस एक टूर के हैं।

14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा से उड़ान भरने वाले चंद्रयान-3 ने अपनी 40 दिनों की लंबी यात्रा पूरी की है। इसरो के बताए गए विवरण के मुताबिक, चंद्रयान-3 के लिए मुख्य रूप से तीन उद्देश्य निर्धारित हैं। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग कराना, चंद्रमा की सतह कही जाने वाली रेजोलिथ पर लैंडर को उतारना और घुमाना लैंडर और रोवर्स से चंद्रमा की सतह पर शोध कराना।

चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक चंद्रमा पर पहुंचने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के प्रमुख एस। सोमनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके इस अभियान की अहम जानकारियां साझा की हैं। चंद्रयान-3 अभियान का विक्रम लैंडर चंद्रमा पर पहुंच गया है। इस लैंडर में रोवर भी है जो चंद्रमा का अध्ययन करेगा। इस रोवर का नाम प्रज्ञान है।

एस सोमनाथ ने कहा कि प्रज्ञान रोवर जल्द ही बाहर आएगा और इसमें एक दिन भी लग सकता है। इसमें से कई यंत्र भी निकलेंगे जिनमें रम्भा शामिल है। रम्भा चंद्रमा के वातावरण का अध्ययन करेगा। ये रोवर दो अहम अध्ययन करेगा जिनमें सबसे पहले लेजर से उस जमीन का अध्ययन करना शामिल है। इसके साथ ही उसके रसायन को भी जानने की कोशिश की जाएगी। इसरो चीफ ने बताया कि इस अभियान की सबसे मुश्किल घड़ी उपग्रह को अंतरिक्ष में ले जाकर छोड़ना था और फिर दूसरी मुश्किल घड़ी इसको चंद्रमा पर लैंड कराना था।

इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा समेत ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन के ग्राउंड स्टेशंस को भी शुक्रिया अदा किया। सोमनाथ ने बताया कि कई विदेशी एजेंसियों ने भी इसमें मदद की जिसकी वजह से इस अभियान में सफलता मिल पाई।

### पीएम मोदी ने दी बधाई



चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने अभियान की सफलता की घोषणा की। इसरो चीफ ने पीएम मोदी का अभिवादन करते हुए उन्हें बोलने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा, मैं अपने पीएम से हमें आशीर्वाद देने को कहूंगा। ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, हमारे परिवारजनों जब हम अपनी आंखों के सामने ऐसा इतिहास बनते हुए देखते हैं, जीवन धन्य हो जाता है। ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं राष्ट्र जीवन की चेतना बन जाती हैं। ये पल अविस्मरणीय है। ये क्षण अभूतपूर्व है। ये क्षण विकसित भारत के शखनांद का है। ये क्षण नए भारत के जय घोष का है। ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने का है। ये क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये क्षण भारत में नई ऊर्जा नई चेतना का है।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इसरो को बधाई दी



उन्होंने एक ट्वीट में कहा, आज की सफलता के लिए इसरो को बधाई। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग वैज्ञानिक कम्युनिटी की वर्षों की मेहनत का परिणाम है। कांग्रेस नेता ने कहा, 1962 से भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है और सपने देखने वाले युवा पीढ़ियों को प्रेरित कर रहा है।

**कांग्रेस ने दिलाई नेहरू की याद:** कांग्रेस पार्टी ने अपने बधाई संदेश में कहा है, चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक उतरने पर इसरो सहित सभी देशवासियों को बधाई। भविष्य में अंतरिक्ष अनुसंधान की आवश्यकता को देखते हुए ही पंडित नेहरू ने इसरो की नींव रखी थी।



## ... वो 5 मिनट जब थम गई थी करोड़ों भारतीयों की सांसें

### जैसे-जैसे इसरो के स्क्रीन पर लैंडर की वेलॉसिटी घट रही थी, भारतीयों की धुकधुकी बढ़ती जा रही थी

**AGENCY NEW DELHI :** घड़ी में शाम के 5.45 बजते-बजते पूरा भारत टीवी और लाइव स्ट्रीमिंग से जुड़ चुका था। स्क्रीन पर लैंडर आगे बढ़ता दिख रहा था। हालांकि लोगों के मन में एक घबराहट थी। चार साल पहले की विफलता लोगों को याद आ रही थी। जैसे-जैसे इसरो के स्क्रीन पर लैंडर की वेलॉसिटी घट रही थी, भारतीयों की धुकधुकी बढ़ती जा रही थी। तभी दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इसरो कंट्रोल रूम से जुड? की घोषणा हुई, 'माननीय प्रधानमंत्री हमारे साथ जुड़ चुके हैं।' भारतीय गर्व से भर गए और वैज्ञानिकों का उत्साह दोगुना हो गया। हालांकि नजरें अब भी स्क्रीन पर थीं जिसमें आंकड़े लगातार घटते जा रहे थे। चांद की तस्वीरें भी लगातार पौने चार लाख किमी दूर से मिल रही थीं। आज शाम तो देशभर के स्कूल खुले थे। बच्चे भी बड़ी स्क्रीन पर इस ऐतिहासिक घटना के साक्षी बन रहे थे। सब कुछ प्लान के मुताबिक था लेकिन इसरो के साइंटिस्टों को पता था कि ये आखिरी 15 मिनट टेरर के हैं। इसी से सब तय होना था। प्रधानमंत्री भी पूरे उत्साह के साथ पल-पल के बदलते घटनाक्रम को सुन रहे थे, महसूस कर रहे थे। तभी घोषणा होती है कि अपना लैंडर अब चांद की सतह से 200 मीटर की ऊंचाई से भी कम पहुंच चुका है।

**टीवी स्क्रीन से चिपके थे भारतीय :** करोड़ों घरों में टीवी पर तेज आवाज में सुना जा रहा लाइव प्रसारण और तेज हो गया। लोग हाथ जोडकर बैठ गए। पिछली बार के सीन भी जेहन में तैर रहे थे लेकिन तभी इसरो मिशन रूम से घोषणा हुई, अब हम देख सकते हैं कि लैंडर चंद्रमा की सतह से 150 मीटर की ऊंचाई पर है। फिर क्या था जोश फिर बढ़ा और अचानक तालियां सुनाई दीं। घोषणा हुई कि जी हां, आप तालियों की गडगड़ाहट सुन सकते हैं.... ऊंचाई और कम हो रही है। वेलॉसिटी 0 के करीब पहुंच रही थी। तालियों की आवाज बार-बार सुनाई देने लगी। ये वो पल था जिसे आज दुनिया के कोने-कोने में बैठे भारतीयों ने महसूस किया।

स्क्रीन पर प्रधानमंत्री मोदी की मुस्कुराती तस्वीर आई। उन्हें भी एहसास हो चला था कि आज हम इतिहास लिखकर रहेंगे। तालियों की आवाज उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही थी। लैंडर की ऊंचाई 50 मीटर से कम हुई। इस समय केवल दो इंजन काम कर रहे थे। वेलॉसिटी शून्य हो चुकी थी। मोदी के चेहरे पर भाव कुछ ऐसे थे जैसे कब घोषणा हो और भारत का जयघोष हो। वो पल अब दूर नहीं था। तालियों की गडगड़ाहट के साथ रोंगटे खड़े कर देने वाला शोर सुनाई दिया। इसरो के कंट्रोल रूम में बैठे साइंटिस्ट झूम उठे। चेहरे पर मुस्कान खिल गई। यह गर्व का पल था। खुद पर गर्व करने का और ये मौका हमारे वैज्ञानिकों ने दिया था।

अब पूरे आत्मविश्वास और गौरव के साथ प्रधानमंत्री ने ताली बजाई। उन्होंने देशवासियों और साइंटिस्टों के लिए कैमरे के सामने तिरंगा लहराया। हिंदी में घोषणा हुई- लैंडर मॉड्यूल सुरक्षित तरीके से चंद्रमा पर लैंड हो चुका है। देशभर के शहरों और गांवों में पटाखे फोड़े जाने लगे। जश्न मना, मिठाई बंटी। कुछ शहरों में ढोल बजने लगे। पीएम ने कहा कि जब हम अपनी आंखों के सामने ऐसा इतिहास बनते हुए देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है... ये पल अविस्मरणीय है ये क्षण अभूतपूर्व है, ये क्षण विकसित भारत के शंखनाद का है। ये क्षण नए भारत के जयघोष का है।

| **SHARE** | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,433.30 |
| निफ्टी | : | 19,444.00 |

| **SARAFA** | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,727 |
| चांदी | : | 78.50 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### पलामू में टीएसपीसी के तीन नक्सली गिरफ्तार

**PALAMU :** पलामू में छतरपुर थाना पुलिस ने बुधवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के तीन सक्रिय समर्थकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से देसी कट्टा, गोली, मोबाइल, पल्सर बाइक और प्रचुर मात्रा में दैनिक उपयोग की वस्तु बरामद की गई है।

झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, उनके बेटे रोहित व शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर देर शाम तक चलती रही कार्रवाई

## शराब घोटाले में ईडी ने 32 ठिकानों पर की छापेमारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाले के मामले में बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, उनके बेटे रोहित उरांव और शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी से जुड़े झारखंड और पश्चिम बंगाल के 32 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सुबह से शुरू हुई ईडी की कार्रवाई देर शाम तक जारी रही।




बताया जा रहा है कि वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव का राज्य के शराब कारोबार में बड़ा निवेश है। उसने योगेंद्र तिवारी के माध्यम से इस व्यवसाय में बड़ी रकम लगाई है। ईडी ने शराब घोटाले में योगेंद्र तिवारी, प्रेम प्रकाश तथा अन्य की भूमिका की प्रारंभिक जांच के बाद इस घोटाले की जांच शुरू की है। पूर्व में 21 मार्च को आयकर विभाग की छापेमारी में यह खुलासा हुआ था कि शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने करीब 15 करोड़ से अधिक की अघोषित संपत्ति अर्जित की है।

**इन स्थानों पर चल रही है ईडी की छापेमारी:** रांची के मोरहाबादी स्थित मेसर्स मैहर डेवलपर्स वसुंधरा गार्डन, फ्लैट नंबर 902 ए, बरियातू स्थित डीआईडी ग्राउंड मंत्री रामेश्वर उरांव और उनके पुत्र रोहित उरांव, मेन रोड स्थित जीपीओ बेलेयर अपार्टमेंट के विनय कुमार सिंह, रांची के अपर बाजार के जालान रोड स्थित श्रवण कुमार जालान, हटिया के ओबरिया रोड स्थित उमा शंकर सिंह, रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में जोगेंद्र तिवारी के यहां छापेमारी जारी है।

दूसरी ओर देवघर जिले के टाउन थाना क्षेत्र के राय बंगला रोड स्थित आरती राय चौधरी, देवघर थाना क्षेत्र स्थित राम मंदिर निवासी अजय केसरी, टाउन थाना निवासी विवेक मिश्रा, टाउन थाना निवासी अभिषेक झा, परमेश्वर दयाल रोड बरमसिया स्थित मुन्नम संजय, डॉ. राजीव पांडे हॉस्पिटल के समीप स्थित जोगेंद्र तिवारी का आवास पर छापेमारी चल रही है।

इसके अलावा गिरिडीह के डॉक्टर लेन मकतपुर स्थित वैभव शाहाबादी का आवास, गोड्डा जमुआ थाना स्थित अमरनाथ टेकरीवाल, पश्चिम बंगाल के बरनाली राय, कोलकाता स्थित न्यू अलीपुर के डालमिया हाउस मनीष डालमिया और विजय डालमिया, कोलकाता के अलीपुर स्थित हरि कृष्ण चौधरी, हजारीबाग स्थित खजांची तालाब के पास विकास कुमार अग्रवाल के यहां छापेमारी चल रही है।

## लांचिंग पैड को मेकॉन की टीम ने किया था डिजाइन

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारत का मिशन चंद्रयान-3 सफल हो गया है। चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग चांद की सतह पर हो चुकी है। इसमें झारखंड का बहुत बड़ा योगदान है। राजधानी रांची की दो संस्थाओं मेकॉन और एचईसी ने लांचिंग पैड को डिजाइन किया। उसके कई महत्वपूर्ण उपकरणों का निर्माण भी एचईसी में हुआ।यह तीसरा मौका था, जब भारत की अंतरिक्ष एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधन संगठन (इसरो) ने चंद्रयान का प्रक्षेपण किया है। इसरो के लिए सबसे बड़े लांचिंग पैड जीएसएलवी को मेकॉन ने तैयार किया। इसके उपकरण झारखंड की राजधानी रांची और टाटा में भी बने हैं। मेकॉन ने इसके कॉन्सेप्ट से लेकर कमिशनिंग तक का काम किया। 350 करोड़ रुपये के बजट वाले जीएसएलवी का अनावरण देश के जाने-माने वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने किया था।

**एसआर मजुमदार ने किया था टीम का नेतृत्व :** मेकॉन के इंजीनियर और इस प्रोजेक्ट का हिस्सा रहे निशीथ कुमार ने बताया कि वर्ष 1999 में मेकॉन को इसरो के लिए रॉकेट प्रक्षेपण हेतु लांचिंग पैड बनाने का कांट्रैक्ट मिला। निशीथ कुमार ने बताया कि यह पहला मौका था, जब भारत में रॉकेट को लांच करने के लिए लांचिंग पैड का निर्माण हुआ। इसके पहले भारत के पास रॉकेट के प्रक्षेपण के लिए लांचिंग पैड बनाने का कोई अनुभव नहीं था।

BRIEF NEWS

### आजसू-भाजपा को शिकस्त देने की बनाई रणनीति

**GIRIDIH :** भाकपा माले की ओर से 23 अगस्त को इसरी बाजार में जीबी मीटिंग कर डुमरी उप चुनाव में इंडिया प्रत्याशी बेबी देवी को जिताने के संकल्प लिया। कार्यक्रम की अगुवाई पार्टी विधायक विनोद सिंह व पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने की। कहा कि झारखंड विरोधी आजसू-भाजपा गठबंधन को शिकस्त देकर ही झारखंड व देश को बचाया जा सकता है। आजसू - भाजपा झारखंडी भावनाओं के खिलाफ खड़ी है। माले नेताओं ने कहा कि हम मजबूती व ईमानदारी के साथ झारखंड और देश को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और इस लड़ाई में हर तरह से इंडिया गठबंधन के साथ खड़े हैं। मीटिंग को परमेश्वर महतो, शुवेंदु सेन, राजेश यादव, गजेंद्र महतो, पवन महतो, मनोज पांडेय, मुस्तकिम अंसारी, सहदेव यादव आदि ने भी संबोधित किया। मीटिंग के बाद इसरी बाजार में एक संकल्प मार्च भी निकाला गया।

### सितंबर के अंत तक चैंबर चुनाव संभव, 21 कार्यकारिणी सदस्यों का होगा चुनाव

**RANCHI :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वर्तमान कार्यकारिणी की कार्यावधि पूरी होने वाली है। ऐसे में चैंबर की ओर से जल्द चुनाव संबंधी घोषणा की जायेगी। चैंबर ऑफ कॉमर्स की मानें तो हर साल सितंबर में नयी कार्यकारिणी के लिए चुनाव होता है। ऐसे मे इस साल सितंबर के अंत तक चैंबर चुनाव होने की संभावना है। चुनाव के लिए चुनाव पदाधिकारी का चयन कर लिया गया है। जहां चुनाव कमेटी के अध्यक्ष ललित मोदी और उपाध्यक्ष पवन शर्मा को बनाया गया है। वर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री की मानें तो चुनाव कमेटी का चयन कर लिया गया है। आने वाले दिनों में जल्द चुनाव की घोषणा की जायेगी। मंत्री ने बताया कि इस संबंध में निर्णय चुनाव कमेटी की ओर से लिया जायेगा। बता दें पिछले कुछ सालों से चैंबर चुनाव ग्यारह सितंबर तक संपन्न कराया गया है।

### चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में छिपे रहस्यों को करेगा उजागर : अमित शाह

**NEW DELHI:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में छिपे रहस्यों को उजागर करेगा। उन्होंने कहा कि भारत चंद्रमा पर पहुंचने वाला चौथा और दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है। शाह ने बुधवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमारे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियर्स के प्रयासों ने भारत को विश्व में गौरव दिलाने का काम किया है। शाह ने कहा कि आने वाला अमृतकाल अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भारत के भविष्य के लिए मंगलकारक है और आज का चंद्रयान-3 मिशन इसका द्योतक है। उन्होंने कहा कि आज का दिन समस्त देशवासियों के लिए एक गौरव का दिन है।

### लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा, तैयारियों में अभी से जुट जाएं कार्यकर्ता : मायावती

**LAKHNAU:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर बुधवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मायावती ने कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव पार्टी अपने ईमानदार कार्यकताओं के बल पर अकेले लड़ेगी। इसलिए पूरे तन-मन से इस चुनाव में अभी से जुट जाएं। चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के चयन पर भी खास सावधानी बरतनी होगी। क्योंकि राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के विधानसभा चुनाव के ठीक बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा होगी। मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके बसपा को लाभ के बजाए नुकसान ज्यादा उठाना पड़ा है।

# आज के युवा विकसित भारत का निर्माण करेंगे : राष्ट्रपति

**AGENCY NEW DELHI:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि आज के युवा ही संकल्प काल में विकसित भारत का निर्माण करेंगे। राष्ट्रपति आज गोवा में गोवा विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार आज की दुनिया में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि गोवा विश्वविद्यालय नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारे उच्च शिक्षण संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में विश्व स्तरीय क्षमता विकसित करना आवश्यक है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि गोवा विश्वविद्यालय,




गोवा सरकार के उच्च शिक्षा निदेशालय के सहयोग से "समग्र शिक्षण और वर्चुअल ओरिएंटेशन के लिए डिजिटल इंटीग्रेटेड सिस्टम" कार्यक्रम चला रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न विभागों को एकीकृत करके अंतःविषय अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए गोवा विश्वविद्यालय के परिसर में विभिन्न स्कूल बनाए गए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इस पहल के लिए गोवा विश्वविद्यालय की सराहना की और कहा कि इस विश्वविद्यालय में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के लिए उत्कृष्टता का केंद्र बनने की अपार संभावनाएं हैं। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि गोवा विश्वविद्यालय ने "उन्नत भारत अभियान" के तहत पांच गांवों को गोद लिया है, जहां स्थिरता मॉडल को अपनाकर सीपियों और मशरूम की खेती की जा रही है। उन्होंने छात्रों में सामाजिक समावेशन और पर्यावरण संतुलन के बारे में संवेदनशीलता पैदा करने के लिए गोवा विश्वविद्यालय की टीम की सराहना की। छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह उनके जीवन का एक यादगार पल है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने जो डिग्रियां हासिल की हैं, वे उन्हें रोजगार पाने या व्यवसाय शुरू करने में मदद करेंगी लेकिन एक गुण जो उन्हें जीवन में बहुत आगे ले जा सकता है, वह है कभी हार न मानने का साहस। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा एक आजीवन प्रक्रिया है। निरंतर सीखने वाला जीवन में अवसरों का लाभ उठाने के साथ-साथ चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि आज का युवा ही संकल्प काल में विकसित भारत का निर्माण करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे भारत को अधिक समृद्धि की ओर ले जाने के सपने को पूरा करेंगे।

## राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने चंद्रयान-3 की सफलता पर इसरो को दी बधाई

**NEW DELHI:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को चंद्रयान-3 की सफलता पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने शुभकामना संदेश में कहा कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग एक महत्वपूर्ण अवसर, एक ऐसी घटना जो जीवनकाल में एक बार होती है। इस उपलब्धि ने भारत को गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि



चंद्रयान-3 की चंद्रमा की सतह पर लैंडिंग के साथ वैज्ञानिकों ने इतिहास रच दिया है। मैं इसरो, चंद्रयान-3 मिशन में शामिल सभी लोगों को बधाई देती हूं और उन्हें आगे और बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामनाएं देती हूं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चंद्रमा पर भारत ने अपना परचम लहरा दिया। अनुपम! अद्वतीय! अभूतपूर्व! ये विश्व कीर्तिमान है! मेरा भारत महान है! इसरो पर देश को गर्व है! इतिहास रच दिया भारत के वैज्ञानिकों ने! चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम की सॉफ्ट लैंडिंग करके भारत ने आज एक बार फिर ये साबित कर दिया कि 21वीं सदी हमारी है।

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, इंजीनियर और ठेकेदार को चेताया

## कहा- सड़कों की गुणवत्ता को लेकर शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

- फॉरेस्ट क्लीयरेंस से लंबित सड़क परियोजनाओं की ली जानकारी
- 15 हजार किलोमीटर बननी हैं ग्रामीण सड़कें
- सड़क निर्माण की मॉनिटरिंग की व्यवस्था हो
- सड़कों के किनारे हेलिपैड निर्माण को लेकर कार्य योजना बनाएं




**PHOTON NEWS RANCHI:** बेहतर सड़कों के नेटवर्क से विकास को गति मिलती है। ऐसे में अच्छी सड़कों के निर्माण पर सरकार का विशेष जोर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज पथ निर्माण विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सड़कों का निर्माण तय समय पर पूरा हो, इसका पूरा ख्याल रखें। अगर सड़कों की गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के सचिव ने बताया कि राज्य में फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित 13 सड़क परियोजनाएं हैं। इनमें पांच में वन विभाग द्वारा एनओसी मिल चुका है, जबकि 8 सड़क परियोजनाएं फॉरेस्ट क्लीयरेंस की वजह से अटकी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग और पथ निर्माण विभाग आपस में समन्वय बना कर इसका निदान निकालें, ताकि सड़कों के निर्माण में आ रही अड़चनें दूर हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 15 हजार किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाना है। ऐसे में इन सड़कों के निर्माण में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण सड़कों की क्वालिटी और मजबूतीकरण से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। कई बार शिकायतें मिलती है कि एक तरफ सड़कें बन रहीं हैं और दूसरी तरफ से उखड़ भी रही हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सरकार एक्शन लेगी। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि 15 हजार किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों में 6 हजार किलोमीटर सड़कों का डीपीआर तैयार हो चुका है और 3 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जो भी सड़कें बना रही हैं, उसके निर्माण की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इस सिलसिले में एक पोर्टल पर सड़कों के निर्माण की लाइव वीडियो अपलोड की जाए, ताकि उसकी क्वालिटी और निर्माण की गति की पल-पल जानकारी मिलती रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सड़कों के किनारे हेलीपैड निर्माण को लेकर कार्य योजना बनाएं। इसके तहत सड़कों के उन लोकेशंस को चिन्हित करें, जो हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त होंगी। इससे दुर्घटनाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में घायलों को तत्काल एयरलिफ्ट कराकर अस्पताल पहुंचाया जा सके। उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव एल खियांगते, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, पीसीसीएफ संजय कुमार और पीसीसीएफ शशिकर सामंता मौजूद थे।

## सीएम ने चंद्रयान-3 की लाइव लैंडिंग देखी



चंद्रयान-3 की लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग देखते सीएम • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज भारत के मिशन चंद्रयान- 3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग देखी। मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा- अद्भुत!! अविस्मरणीय!! तिरंगे की आन-बान और शान चंद्रमा पर पहुंच गया। देश के हमारे महान वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत, दृढ़ता और लगन की बदौलत चंद्रयान-3 आज चंद्रमा पर उतर गया। अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में देश एक बार फिर पुरजोर तरीके से स्थापित हो गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर इसरो की पूरी टीम सहित समस्त देशवासियों को अनेक-अनेक बधाई और जोहार।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा सभा की तैयारियों को लेकर भाजपा ने झोंकी ताकत

**PHOTON NEWS GOVINDPUR :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के तहत टुंडी में 27 अगस्त को आयोजित सभा की सफलता को लेकर धनबाद ग्रामीण जिला भाजपा की बैठक बुधवार 23 अगस्त को हुई। जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा की अध्यक्षता में जिला उपाध्यक्ष नन्दलाल अग्रवाल के गोविंदपुर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में संकल्प यात्रा के छठे चरण के प्रमंडलीय संयोजक गणेश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में आगामी 26 सितंबर को निरसा व सिंदरी विधानसभा में होने वाली संकल्प सभा की तैयारियों को लेकर भी समीक्षा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए गणेश मिश्रा ने कहा कि संकल्प सभा ऐतिहासिक होगी। प्रथम चरण के संकल्प सभा मे जिस तरह से



बैठक में शामिल भाजपा ग्रामीण ज़िलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा, गणेश मिश्रा व अन्य • फोटोन न्यूज

लोगों को समर्थन बाबूलाल मरांडी को मिल रहा है, वह अतुलनीय हैं। जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा ने कहा कि संकल्प सभा को लेकर 20 लोगों की अलग-अलग जिला टोली का गठन किया है। उन्होंने कहा कि टुंडी की संकल्प सभा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व जनता की भीड़ होगी। ज़िलाध्यक्ष ने बताया कि 27 अगस्त की दोपहर एक बजे करमदहा पुल पर बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत किया जाएगा। पूरे क्षेत्र को झंडा, पोस्टर व बैनरों से पाट दिया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, घनश्याम ग्रोवर, सिंदरी विधायक की धर्मपत्नी तारा देवी, महामंत्री दिनेश सिंह, निताय रजवार, जिला मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरि, अमर मंडल, संजय महतो, दिनेश मंडल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष बम्पी चक्रवर्ती, ओमप्रकाश बजाज, विजय रवानी, सुरजीत चंद्रा, फूलचंद मंडल, तालेश्वर साव, राजकिशोर महतो व अन्य शामिल थे।

## बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को बताया लुटेरों की सरकार

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपनी संकल्प यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत बुधवार को की। मधुपुर (देवघर) के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मैदान में इसकी शुरूआत करते हुए जनसभा में हेमंत सरकार की विफलताओं, सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार व ध्वस्त विधि व्यवस्था को लेकर हमला बोला। इसके अलावा सारठ में भी जनसभा में सरकार को घेरा। कहा कि राज्य में हत्या, लूट बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस वसूली में लगी है। पुलिस अगर पकड़ती है, केस करती है तो वह अपराधियों पर नहीं, राज्य सरकार के विरोध में बोलनेवालों पर, सरकार के खिलाफ आंदोलन करनेवालों पर। राज्य में खान खनिज, बालू पत्थर की लूट मची है। इन लुटेरों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। सत्ता में बैठे लोग ही लूट में शामिल हैं। मौके पर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, विधायक रणधीर सिंह समेत अन्य नेता भी उपस्थित थे।



मंच को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी • फोटोन न्यूज

**महाजनी प्रथा की राह पर हेमंत सरकार**

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महाजनी प्रथा से गरीबों, आदिवासियों को मुक्त कराने की बात करनेवाले मुख्यमंत्री आज राज्य के खान खनिज, पत्थर बालू और गरीबों की जमीन लूट कर सबसे बड़े महाजन बन गये। खाली पड़ी जमीन को बचा कर रखें नहीं तो कभी भी सत्ता के दलाल, बिचौलिये उस पर कब्जा कर बैठेंगे। शिकायत करने पर उल्टा मुकदमा भी दर्ज कर देंगे। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य को भ्रष्टाचार के गर्त में धकेल दिया है। ब्लॉक, थाना, सचिवालय सभी जगह भ्रष्टाचार है। बिना पैसे का कोई प्रमाणपत्र नहीं बनता। योजनाएं स्वीकृत नहीं होतीं। राज्य के मंत्री अब जनता का काम छोड़ कर ठेका, टेंडर मैनेज करने में जुटे हैं। बिना चढ़ावे का ट्रांसफर पोस्टिंग नहीं होता। ऐसे में पदाधिकारियों को लूटने से कौन रोक सकता है। मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। जब इस बात को बोला जाता है तो उनको बुरा लगता है। ईडी का बुलावा आता है तो भाजपा सरकार मोदी सरकार पर परेशान करने का आरोप लगाते हैं, बड़े-बड़े वकील से करोड़ों रुपया खर्च कर बहस करवाते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि तिहाड़ जेल में शिबू सोरेन किसकी सरकार में गये थे। आज जिनके साथ सत्ता सुख ले रहे, उन्हीं लोगों ने उन्हें जेल भेजा था। लुटेरे ज्यादा दिन नहीं बचेंगे। उन्हें जेल जाना ही पड़ेगा। बाबूलाल के मुताबिक राज्य में ऐसी भ्रष्ट,निकम्मी और विकास विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प दिलाने के लिए यह यात्रा चल रही।

भोजपुरी भाषा ,साहित्य और संस्कृति में अतुलनीय योगदान के लिए हुए चयनित

# डॉ. रविंद्र श्रीवास्तव 'जुगानी भाई' वर्ष 2023 के यायावरी शिखर सम्मान से होंगे सम्मानित, चयन समिति ने की घोषणा

**PHOTON NEWS GORAKHPUR:** यायावरी शिखर सम्मान उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रविन्द्र श्रीवस्ताव 'जुगानी भाई' को भोजपुरी भाषा ,साहित्य और संस्कृति में अतुलनीय योगदान के लिए दिया जाएगा।

आपको बता दें कि भोजपुरी के भाषा ,साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा और उसे संरक्षित करने वाली संस्था यायावरी वाया भोजपुरी हर वर्ष एक शिखर सम्मान,ऐसे व्यक्ति को प्रदान करती है,जिनका अतुलनीय योगदान भोजपुरी भाषा ,साहित्य एवं संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण में रहता है ।

साल 2022 में यह पुरस्कार भोजपुरी के नामचीन साहित्यकार डॉ.प्रकाश उदय को दिया गया था।



डॉ रविन्द्र श्रीवास्तव जुगानी भाई



शालिनी कपूर



डॉ उमा उपाध्याय



नंदीश्वर द्विवेदी

**पुरस्कार चयन के लिए गठित हुई थी तीन सदस्यीय समिति**

यायवारी वाया भोजपुरी ने इस पुरस्कार के चयन के लिए एक समिति बनाई थी। इस समिति के अध्यक्ष के रूप मृत्युंजय कुमार सिंह को बनाया गया था। यह पश्चिम बंगाल होमगार्ड महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।स श्री सिंह 'गंगा रतन बिदेसी' उपन्यास और 'द्रौपदी' जैसी किताबों के रचनाकार भी हैं । वहीं इस चयन समिति के सदस्यों में दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. मुन्ना कुमार पाण्डेय और यायवारी वाया भोजपुरी की ओर से डॉ.क्षमा त्रिपाठी थीं।

**पुरस्कार की घोषणा 'बुधवारी बईठकी' में की गई**

यायवारी शिखर सम्मान -2023 की घोषणा यायावरी वाया भोजपुरी के अपने साप्ताहिक कार्यक्रम बुधवारी के माध्यम से की गयी ।

इस पुरस्कार के घोषणा से सिर्फ. पूर्वांचल ही नहीं, पूरे देश के भोजपुरी साहित्य प्रेमियों में हर्षोल्लास का माहौल है।

इस पुरस्कार के साथ ही यायावरी कथाकारी प्रतियोगिता -2023 के पुरस्कारों की भी घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों के लिए क्रमशः डॉ. शालिनी कपूर , डॉ.उमा उपाध्याय और नंदीश्वर द्विवेदी के नाम की घोषणा हुई है।

यह पुरस्कार 6 सितंबर को प्रस्तावित यायावरी भोजपुरी महोत्सव-2023 में प्रदान किया जाएगा।आयोजन गोरखपुर के गोकुल अतिथि भवन में किया जाएगा।

## पीएम ने मिजोरम पुल दुर्घटना पर जताया शोक, पीड़ितों को दो-दो लाख देने की घोषणा



**AGENCY MIZORAM:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिजोरम में रेलवे के निमार्णाधीन पुल के ढह जाने से 14 लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने राहत कोष से पीड़ितों को दो दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि "मिजोरम में पुल दुर्घटना से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी पूरी संवेदना है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बचाव कार्य जारी है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि मिजोरम में भैरबी को साईरंग से जोड़ने वाली कुरुंग नदी पर बुधवार को रेलवे का निमार्णाधीन पुल ढह जाने से कम से कम 14 मजदूरों की मौत हो गई है। मलबे में अभी 30-40 मजदूर फंसे हुए हैं, जिससे हताहतों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से पीड़ित परिवारों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

सच के हक में...
Daily THE PHOTON NEWS
www.thephotonnews.com
Thursday, 24 August 2023

# HC से निशिकांत दुबे और दीपिका के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** 11 अप्रैल को रांची में भाजपा के सचिवालय मार्च के दौरान सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रति शपथ पत्र दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई. कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर निर्धारित की है. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 16 अक्टूबर तक जारी रखी है. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं शिवानी जलूका ने पैरवी की.




**क्या है मामला :** दरअसल, भाजपा के निर्धारित कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी. मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/ 2023 दर्ज किया गया था. इसमें सांसद निशिकांत दुबे के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल , समीर उरांव सहित 41 नामजद एवं कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी. भाजपा की ओर से खनिज समृद्ध राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, मौजूदा भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की उच्च दर के विरोध में इस मार्च का आयोजन किया गया था. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस, वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था और लाठीचार्ज भी किया था। उस दौरान क्षेत्र में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। सचिवालय तक मार्च पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुबर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी और राज्य के पार्टी सांसदों के नेतृत्व में शुरू हुआ था।

**पुलिस का क्या है आरोप :** पुलिस के मुताबिक पार्टी कार्यकताओं के एक समूह ने बोतलें और पत्थर फेंके, जिससे कुछ पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी घायल हो गए थे। भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुलिस बैरिकेड तोड़कर बलपूर्वक आगे बढ़ने की कोशिश की थी, जिसपर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े थे।

वहीं झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई हुई। जिसके बाद अदालत ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तिथि मुकर्रर की है। इसके साथ ही अदालत ने 30 अगस्त तक पूर्व के आदेश को विस्तार देते हुए अगली सुनवाई तक विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

## कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों को नियमित करने की याचिकाओं पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**RANCHI :** हाईकोर्ट में कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर दाखिल सभी याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध कर सुनवाई हुई। अदालत अब उन मामलों को अलग कर गुरुवार को सुनवाई करेगा। जिसमें काउंटर एफिडेविट दायर किया जा चुका है। वहीं जिन मामलों में काउंटर एफिडेविट दायर नहीं हुआ है, उनकी सुनवाई के लिए कोर्ट ने छह सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में नितिन कुमार भगत समेत 100 से ज्यादा कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई।

## BRIEF NEWS

### नगर आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल

**RANCHI :** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार से बुधवार को भाकपा और झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल में भाकपा जिला सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जीत गुप्ता और इम्तियाज अहमद खान सहित अन्य शामिल थे। इस दौरान सभी ने नगर आयुक्त को पुष्पगुच्छ (बुके) देकर सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री ने मिजोरम रेलवे पुल हादसे पर जताया दुख

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को मिजोरम में निमार्णाधीन रेलवे पुल गिरने से हुई जनहानि पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मिजोरम के सैरांग में निमार्णाधीन रेलवे पुल के गिरने से 17 श्रमिकों की मृत्यु की दुःखद खबर मिली। परमात्मा दिवगंत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### मारवाड़ी कॉलेज में मनी डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती

**RANCHI :** मारवाड़ी कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में बुधवार को प्राचार्य डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती मनाई गई। प्राचार्य ने पद्मश्री रामदयाल मुंडा के- जे नाची से बाची, कथन का जिक्र किया और जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा को आगे ले जाने में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बतलाया। डॉ महेश्वर सारंगी, डॉ वृंदावन महतो, परीक्षा नियंत्रक डॉ बैजनाथ कुमार और प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आरआर शर्मा ने भी अपने विचार साझा किए। छात्र-छात्राओं ने मुंडारी गीत प्रस्तुत किए। मौके पर कॉलेज के सहायक प्राध्यापक जुड़ा होरो की मुंडा भाषा की पुस्तक- इचाः बा, का विमोचन किया गया। संचालन डॉ अवध बिहारी महतो व डॉ अशोक कुमार महतो ने किया।

### मतदान को लेकर 5 सितंबर को स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित

**RANCHI :** राज्य सरकार ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव 2023 में मतदान के लिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र में पांच सितंबर 2023 मंगलवार को एनआई एक्ट के तहत स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। इस दिन डुमरी विधानसभा क्षेत्र में सरकार के सभी कार्यालय, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा सार्वजनिक बैंको में मतदान के दिन अवकाश रहेगा। चुनाव आयोग के निर्देश पर कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है।

### व्यापारियों की समस्याओं पर चैंबर की बैठक में शामिल हुए विधायक इरफान अंसारी

**RANCHI :** व्यापारियों की समस्या को लेकर बुधवार को चैंबर भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी उपस्थित रहे। यहां, कृषि शुल्क के विरोध में व्यापारियों का साथ देने के लिए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने विधायक को धन्यवाद देते हुए मार्केटिंग बोर्ड को भंग कर, इसका समायोजन कृषि विभाग में कराने का आग्रह किया। कृषि मंडियों के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, मंडियों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, मंडियों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही व्यवसायिक वाहनों के बकाया टैक्स की प्राप्ति के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को लाने का आग्रह किया।

### झारखंड में आज भारी बारिश की संभावना

**RANCHI :** राज्य में पिछले कुछ दिनों से मानसून कमजोर नजर आ रहा है। आने वाले दिनों में मानसून के टर्फ का असर राज्य में नजर आयेगा। झारखंड के उत्तर पूर्वी भाग में मौसम का असर साफ नजर आ रहा है। राज्य के सभी स्थानों में हल्के और मध्यम दर्जे के बारिश होने की संभावना है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि 24 अगस्त को राज्य के पूर्वी भाग संताल कोल्हान सहित कई इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। आने वाले तीन से चार दिनों में बारिश की अच्छी संभावना है। इसी तरह 25 अगस्त को भी राज्य में बारिश हो सकती है। 26 अगस्त से स्थिति एक बार फिर सामान्य हो सकती है। उन्होंने संताल और राज्य के उत्तर पूर्वी इलाके में वज्रपात की संभावना जाहिर की है। मौसम विभाग ने लोगों से अलर्ट रहने के लिए कहा है। राज्य में अभी भी 38 प्रतिशत कम बारिश हुई है। 27 अगस्त को राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश की संभावना जाहिर की गयी है। मौसम विभाग ने 25 अगस्त तक बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

# पेयजल के कार्यपालक अभियंता पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**PHOTON NEWS RANCHI :** पेयजल विभाग में भी प्रखंड समन्वयक के पद पर कार्यरत विनायक सत्या को संवेदक के रूप में कार्य आवंटित करने और चापाकल मरम्मत के कार्य में खानापूर्ति कर कार्य आवंटित करने के मामले में कार्यपालक अभियंता गिरिडीह मुकेश कुमार मंडल फंस गये हैं। मिली शिकायतों के बाद राज्य सरकार ने उनके खिलाफ जांच करायी है जिसमें प्रथम द्दष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में पांच अप्रैल 2023 को विभागीय उड़नदस्ता दल ने भी जांच किया और सरकार को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

यह बात सामने आयी कि इंजीनियर ने वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 में प्रखंड समन्वयक को संवेदक के रूप में कार्य आवंटित कर दिया। इस मामले में प्रथम द्दष्टया वे दोषी पाये गये। पूरे मामले पर पेयजल विभाग ने कार्यपालक अभियता से स्पष्टीकरण पूछा है। स्पष्टीकरण में उनके जवाब से विड्ाग संतुष्ट नहीं है जिसके बाद कार्मिक विभा के द्वारा मनोनित रिटायर आइएएस अधिकारी अरविंद कुमार को विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। इंजीनियर से 15 दिनों में इस संबंध में जवाब मांगा गया है।

# एक बड़े IAS ने पत्नी के नाम खरीदी एक करोड़ की जमीन, ED खंगाल रही कुंडली

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में लैंड स्कैम, खनन घोटाला, टेंडर कमीशन घोटाला और अब शराब घोटाला की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी ईडी राज्य के एक सीनियर आईएएस अधिकारी की कुंडली खंगाल रही है। ईडी यह पता करने में जुटी है कि झारखंड में फिलहाल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे इस वरीय आईएएस ने जमीन की खरीद में कहां-कहां और कितना




इन्वेस्टमेंट किया है। सूत्रों की मानें तो जिस आईएएस अधिकारी की कुंडली ईडी खंगाल रही है, उसने रांची के बड़गाईं अंचल क्षेत्र में भी जमीन खरीदी है। जिसकी कीमत एक करोड़ रुपए से ज्यादा है और यह शहर के पॉश इलाके में स्थित है।

इस जमीन के दस्तावेज ईडी ने हासिल कर लिए हैं। जमीन आईएएस अधिकारी की पत्नी के नाम पर खरीदी गई है और पैसों का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। जमीन की खरीद-बिक्री के लिए जो दस्तावेज तैयार किया गया है, उसमें खरीददार ने अपने पति का नाम लिखा है। लेकिन पति क्या करते हैं, यह नहीं लिखा गया है। जिस जमीन से जुड़े दस्तावेज ईडी खंगाल रही है वह सड़क किनारे स्थित है और उसपर फिलहाल एक निजी अस्पताल चल रहा है। ईडी इनके ठिकानों पर जल्द छापेमारी कर सकती है। इसके साथ ही झारखंड के कई और आईएएस और आईपीएस के निवेश और जमीन की खरीद-बिक्री में संलिप्त होने की जांच भी की जा सकती है।

# मनरेगा : मजदूरों का आधार सीडिंग कराने के लिए 31 अगस्त तक समय, नहीं होने पर रुक सकता है पेमेंट

**PHOTON NEWS RANCHI :** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने 31 अगस्त तक हर हाल में मनरेगा मजदूरों का आधार सीडिंग कराने का निर्देश सभी जिलों के उपायुक्तों को दिया है। न्यूज विंग ने भी इस संबंध में खबर प्रसारित की थी कि आधार सीडिंग नहीं होने की वजह से 28 हजार से अधिक मनरेगा मजदूरों का भुगतान में पेंच फंस गया है। अब मनरेगा आयुक्तने सभी जिलों को हर हाल में छूटे हुए 28 हजार मनरेगा मजदूरों का आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से भी कई दिशा-निर्देश दिए गये थे। 2021 से ही कई दफा पत्र भी लिखा गया है।

विगत 3 अगस्त की बैठक में निर्णय लेकर झारखंड सरकार को सूचित किया है और कहा कि 31 अगस्त तक सभी मजदूरों के आधार संख्या की सही-सही प्रवृष्टि कर ली जाये। 31 अगस्त के बाद सभी मजदूरी भुगतान शत-प्रतिशत आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के जरिये होगा। केंद्र के इस निर्देश के बाद मनरेगा आयुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेकर सभी मजदूरों का आधार संख्या की प्रवृष्टि, सत्यापन करने को कहा है।

# 20 छात्र-छात्राओं ने पंद्रह दिवसीय इंटर्नशिप किया पूरा, मिला प्रमाण पत्र

**PHOTON NEWS RANCHI :** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (रांची) के 20 छात्र-छात्राओं ने 15 दिवसीय इंटर्नशिप पूरा किया. इसका समापन 23 अगस?त को हुआ. विद्यार्थी बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (इअव) के कृषि संकाय के अधीन मृदा विज्ञान विभाग में इंटर्नशिप कर रहे थे.

मौके पर कुलपति डॉ ओएन सिंह ने प्रत्येक छात्र-छात्राओं से इंटर्नशिप के अनुभवों को जाना. उन्हें प्रशिक्षण प्रमाण- पत्र प्रदान किया. उन्होंने औद्योगिक प्रदूषण और फसल उत्पादन में इसके प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के नुकसान और पर्यावरण पर इसके प्रभाव, जलवायु के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए हाल की प्रथाओं आदि की जानकारियों को साझा किया. राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के छात्र-

# नेवरी के नसीम अंसारी हत्याकांड में सज्जू, मोइद और मोख्तार दोषी करार

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के नेवरी इलाके में हुई नसीम अंसारी हत्याकांड में रांची सिविल कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 1 8 अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस संबंध में मृतक के भाई रजब अंसारी ने सदर थाना में कांड संख्या 207/16 दर्ज करवाई थी। अपने केस को साबित करने के लिए उसने 27 से ज्यादा गवाह पेश किये। वहीं आरोपियों की ओर से अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए 2 गवाह पेश किये गए।

मोईद अंसारी, सज्जू खान और मोख्तार अंसारी इस केस में ट्रायल फेस कर रहे हैं। जिन्हें कोर्ट ने दोषी करार दिया है। सभी दोषी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। घटना 20 मई 2016 को हुई थी। केस के सूचक की ओर ओर से अधिवक्ता मासूम खान और जीशान खान ने बहस की है। अब दोषियों की सजा की बिंदु पर कोर्ट सुनवाई करेगा।

# रांची में खेल दिवस पर 29 को फुटबॉल मैच और तीन को ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के चुटिया स्थित कार्यालय में बुधवार को क्रीड़ा भारती रांची महानगर की बैठक हुई। बैठक का संचालन क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष मुनचुन राय और रांची महानगर के अध्यक्ष रवि मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 29 अगस्त को खेल दिवस के कार्यक्रमों की चर्चा की गई।

मुनचुन राय ने कहा कि खेल दिवस पर तीन सितंबर को ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा का आयोजन होगा। यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर होगी। इसमें 12 से 25 वर्ष के परीक्षार्थी भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा आधे घंटे की होगी। परीक्षा में प्रथम पुरस्कार एक लाख, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार, तृतीय पुरस्कार 25 हजार और चतुर्थ पुरस्कार 11 हजार की होगी। परीक्षार्थी क्रीड़ा भारती के वेबसाइट में दिए गए लिंक पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। फार्म का शुल्क मात्र 20 रुपये रखा गया है।

महानगर अध्यक्ष रवि मुंडा ने कहा कि 29 अगस्त खेल दिवस पर बरियातू स्थित डीआईजी ग्राउंड में एक दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन होगा, जिसमें चार टीम में भाग लेंगे। प्रथम पुरस्कार 11 हजार और द्वितीय पुरस्कार सात हजार रखा गया है।

## पहाड़ी मंदिर विकास समिति रांची के अध्यक्ष सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने समिति के सदस्यों के साथ की बैठक, कई मामलों पर हुई चर्चा

# पहाड़ी मंदिर के नाम पर अवैध रूप से चंदा ले तो करें कार्रवाई: डीसी

**PHOTON NEWS RANCHI :** उपायुक्त सह अध्यक्ष पहाड़ी मंदिर विकास समिति रांची राहुल कुमार सिन्हा ने आज रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों कि बैठक बुलायी। बैठक में समिति के सदस्यों ने डीसी को जानकारी दी कि प्रायः रांची पहाड़ी मंदिर के नाम पर कोई व्यक्ति/समूह के द्वारा रांची शहर और अन्य स्थानों पर घर-घर जा अवैध रूप से चंदा लिया जा रहा है। जबकि, पहाड़ी मंदिर का चंदा पहाड़ी मंदिर परिसर में ही लिया जाता है, जिसकी बाकायदा रसीद भी दी जाती है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों संबंधित थाना प्रभारियों को इस तरह की घटनाओं पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।


समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते उपायुक्त। ● फोटोन न्यूज

उपायुक्त ने मंदिर के आस-पास असामाजिक तत्वों के जमावड़े को लेकर संबंधित थाना को लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही ऐसे असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई करते रहने को कहा।

उपायुक्त सह अध्यक्ष पहाड़ी मंदिर विकास समिति रांची राहुल कुमार सिन्हा ने पहाड़ी मंदिर (मुख्य) मंदिर के विस्तार पर चर्चा करते हुए पहले के बने सारे डीपीआर का अवलोकन करते हुए पहाड़ी मंदिर के सदस्यों से उनकी राय लेते हुए कहा कि मंदिर विस्तार के लिए एलएनटी, बीआईटी मेसरा एवं बिल्डिंग कॉर्पोरेशन डिपार्टमेंट से भी राय ली जाये। ताकि मंदिर को बिना नुकसान पहुंचाते हुए मंदिर निर्माण की प्रक्रिया को शुरू कराया जा सके। जिससे भक्तों को दर्शन और पूजन के लिए सहूलियत हो। साथ ही उपायुक्त रांची, द्वारा पहाड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया ताकि पहाड़ी मंदिर खूबसूरत बनाने की दिशा में बेहतर प्रयास हो सके।

उपायुक्त रांची, द्वारा रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए मंदिर विस्तार का निर्माण मंदिर विकास मद से कराने को कहा। जिसपर मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर विस्तार मंदिर के लिए पर्याप्त राशि होने की बात कही गई।

उपायुक्त रांची से पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों द्वारा पहाड़ी मंदिर परिक्रमा पथ निर्माण कराने की बात कही गयी जिस पर उपायुक्त रांची, द्वारा इस पर कार्य करने का आश्वासन दिया गया।

उपायुक्त रांची, द्वारा पहाड़ी मंदिर के चारों तरफ जाली लगा कर पहाड़ी मंदिर के आस-पास क्षेत्रों से स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण हटाने को कहा, ताकि पहाड़ी मंदिर के पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जा सकें। अतिक्रमण हटाने को लेकर उपायुक्त रांची, द्वारा संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया। उपायुक्त रांची, द्वारा मुख्य मंदिर में चांदी एवं महाकाल में पीतल के अरघा की मरम्मति का कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया गया।

**पहाड़ी मंदिर परिसर में बैंक की शाखा खोलने पर चर्चा :** उपायुक्त रांची, को पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि मंदिर में काफी मात्रा में दान राशि आती है। जिसे इन दान की गई राशि सीधे तौर पर राष्ट्रीकृत बैंक के माध्यम से पहाड़ी मंदिर विकास समिति के खाता में प्राप्त हो जिससे मंदिर का जीणोद्धार और संचालन पारदर्शी तरीके से हो, जिसपर उपायुक्त रांची, द्वारा मंदिर परिसर में बैंक (छोटा ब्रांच) खुलवाने का आश्वासन दिया गया। ताकि सारी दान की राशि को हर दिन बैंक में जमा कराया जा सके।

**दानपात्र के सामने सीसीटीवी लगाने का निर्देश :** उपायुक्त रांची, द्वारा पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि दानपात्र के सामने सीसीटीवी लगवाए ताकि दानपात्र से कोई राशि चोरी नही हो सके। साथ ही सीसीटीवी के सामने दान की राशि की गिनती भी करायी जा सके एवं उपायुक्त रांची ने मंदिर की आमद-निर्गमन पंजी की व्यवस्था कराने को कहा ताकि आय-व्यय में पारदर्शिता हो सके।

**पहाड़ी में पूर्व में स्थापित तिरंगा झंडा को पुनः स्थापित करने पर चर्चा :** उपायुक्त रांची, से पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों द्वारा पहाड़ी मंदिर में पूर्व में स्थापित तिरंगा झंडा को पुनः स्थापित करने पर चर्चा की गई। जिस पर उपायुक्त द्वारा मंदिर के सदस्यों को आश्वासन दिया गया कि इस दिशा पर हर संभव प्रयास किया जायेगा।

बैठक में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के संस्थापक- दया शंकर शर्मा, सदस्य, सुशील लाल, सुनील माथुर, मदनपाल पारिख, आनंद गाड़ोदिया, मुकेश अग्रवाल, अनुज गाड़ोदिया, अजय गोयनका, ललित पोद्दार, बिपिन कुमार एवं संबंधित सभी पदाधिकारी शामिल हुए।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

BRIEF NEWS

### खूंटी में अवैध खनन स्थलों को चिह्नित कर कार्रवाई का निर्देश

**KHUNTI:** उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में अवैध खनन की रोकथाम की दिशा में की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जिले में अवैध खनन के स्थलों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान विशेष रूप से अवैध खनन के संबंध में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, वन क्षेत्रों में होनेवाले अवैध खनन की रोकथाम के लिए कार्रवाई की समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि एक महीने में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। इसके लिए सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और संबंधित रेंजर की जिम्मेदारी तय की गई है। जिला खनन पदाधिकारी ने बैठक में बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 60 मामलों पर कार्रवाई की गई है, जिसमें कुल 67 वाहनों को जब्त किया गया है। 48 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और अन्य 16 वाहनों से नियमानुसार दंड राशि वसूल की गई है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक बालू को लेकर 38 प्राथमिकी दर्ज की गई है। 25 अभियुक्तों और 41 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही सात वाहनों से नियमानुसार दंड की वसूली की गई है। पत्थर की पांच प्राथमिकी में 17 अभियुक्तों और सात वाहनों पर मामला दर्ज कराया गया है। साथ ही 12 वाहनों से नियमानुसार दंड राशि वसूल की गई है। समीक्षा के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वन क्षेत्रों में अवैध क्रशर और एवं अवैध खनन के संचालन पर रोकथाम के लिए वन क्षेत्र पदाधिकारी को निर्देश दें।

### डालटनगंज में महेन्द्रा आर्केड के बाहर से बाइक चोरी

**PALAMU:** डालटनगंज शहर में महेन्द्रा आर्केड के सामने से विजय प्रजापति की बाइक (जेएच 03 एस 6392) दिन के उजाले में चोरी चली गई। विजय महेन्द्रा आर्केड में स्थित लालपैथ लैब में कार्यरत है। दोपहर 1.45 बजे जब लैब से बाहर निकला तो देखा कि उसकी मोटरसाइकल नहीं है। अगल-बगल पता करने पर कोई जानकारी नहीं मिली। जब सीसीटीवी खंगाला गया तो एक युवक मास्क पहनकर बाइक ले जाते दिखा। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और पुलिस छानबीन कर रही है।

### गौरीग्राम के पास दामोदर नदी में मिला धनबाद के किशोर का शव

**BOKARO:** बोकारो जिले के भोजूडीह ओपी क्षेत्र स्थित गौरीग्राम के समीप 23 अगस्त की सुबह दामोदर नदी से किशोर का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान धनबाद के हीरापुर भीतिपाड़ा निवासी नंद कुमार यादव के 16 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार यादव के रूप में की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद धनबाद की सुदामडीह पुलिस को सौंप दिया। मालूम को कि मंगलवार की दोपहर अमलाबाद पुलिस को जानकारी मिली थी कि नदी के सीतानाला घाट पर धनबाद का एक युवक डूब गया है। सूचना के बाद अमलाबाद व धनबाद जिले की सुदामडीह थाना पुलिस ने नदी घाट पर पहुंचकर डूबे युवक की काफी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। बुधवार की सुबह गौरीग्राम घाट के पास शव नदी में तैरता मिला।

### टूटे किचेन शेड में बनता है मध्याह्न भोजन, टपकता है छत से पानी

**MAITHAN:** मैथन के वरीय बुनियादी विद्यालय में पिछले दो माह से टूटे हुए किचेन शेड में बच्चों के लिए एमडीएम बनाया जा रहा है। ऊपर से बारिश के पानी के साथ विषैले कीटों के गिरने का डर हमेशा बना रहता है। इस संबंध में विद्यालय के हेडमास्टर उत्तम घाटी ने विभाग को पत्र लिख कर अवगत कराया है। परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि पिछले सप्ताह बीईओ सपन मंडल ने विद्यालय का दौरा किया व किचेन शेड का निरीक्षण किया था। उन्होंने हेडमास्टर को निर्देश दिया कि जब विद्यालय में अनुदान राशि आएगी तो सबसे पहले शेड की मरम्मत कराएंगे। उन्होंने तत्काल कोई व्यवस्था कराने में असमर्थता जताई। हेडमास्टर ने डीवीसी प्रबंधन से भी सीएसआर के तहत शेड मरम्मत कराने का आग्रह किया।

# पलामू में ट्रक और ऑटो की सीधी भिड़ंत दो की दर्दनाक मौत, कई हुए घायल


## रांची-मेदिनीनगर मुख्यमार्ग एनएच 75 पर रजडेरवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास हुआ हादसा



**PHOTON NEWS PALAMU:** रांची-मेदिनीनगर मुख्यमार्ग एनएच 75 पर रजडेरवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप बुधवार को 11.45 बजे ऑटो और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें ऑटो पर सवार एक महिला तथा एक बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि कई लोग जख्मी हैं। घायलों को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच तथा एक अन्य युवक को तुंबागड़ा के नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने हादसे में जान गंवाने वाली महिला तथा बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम मेदिनीनगर एमआरएमसीएच कराया और परिजनों को सौंप दिया है। सतबरवा थाने के एएसआई बुद्धू उरांव के अनुसार मृतक की पहचान सतबरवा थाना क्षेत्र के हलुमाड़ गांव के बुजुर्ग कंवलधारी सिंह तथा इसी गांव के अंतू सिंह की 35 वर्षीय पत्नी के रूप में हुई है। पुलिस ट्रक और ऑटो को जब्त कर थाने ले आई है। बताया जाता है कि ऑटो सतबरवा से सवारी लेकर मेदिनीनगर की ओर जबकि मेदिनीनगर से अनियंत्रित ट्रक रांची की ओर जा रहा था। इस बीच दोनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना के बाद एनएच पर चीख पुकार मची रही। स्थानीय लोग घटनास्थल की औ दौड़ पड़े। पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों ने बताया कि महिला और बुजुर्ग की मौत घटनास्थल पर हो गई थी।

## नगर निगम के वाहनों का केबल काटकर जलाने वाले दो आरोपी भेजे गए जेल



**PHOTON NEWS PALAMU:** डालटनगंज के सरकारी बस डिपो के पीछे लगे नगर निगम के आधा दर्जन वाहन से केबल काटकर उसे जला देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सरकारी बस डिपो के पीछे लगे नगर निगम के आधा दर्जन वाहन से मंगलवार की शाम केबल काट लिया गया था। तीन युवक सरकारी बस डिपो के पीछे काटे गए केबल को जलाते देखे गए थे। जब उन्हें पकड़ने की कोशिश की गयी तो इनमें से एक युवक मौके से भाग निकला था जबकि दो पकड़ में आ गए थे। आरोपितों की पहचान पांकी निवासी राहुल कुमार और शहर के मोहन सिनेमा हॉल के पीछे रहने वाले राजू राम के रूप में हुई। दोनों युवक गाड़ी से केबल काटने के बाद उसे जलाकर तांबा निकाल रहे थे।

## वज्रपात की चपेट में आकर एथलीट की मौत

### ट्रेनीज हॉस्टल मैदान से अभ्यास कर बाइक से लौट रहा था चास

**PHOTON NEWS BOKARO :** चास के भर्रा गरगा पुल के पास मंगलवार दोपहर 1 बजे आसमानी बिजली की चपेट में आकर विशाल कुमार सिंह (31) की मौत हो गई। वह अपनी बाइक से सेक्टर-3 ट्रेनीज हॉस्टल मैदान से एथलीट का अभ्यास कर अपने घर चास के कैलाश नगर लौट रहा था कि उस पर वज्रपात हो गया। इस बीच युवक को स्थानीय लोग उठाकर सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजन और बीएस सिटी थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुँची। पुलिस ने युवक के शव को



अस्पताल में पहुंचे परिजन व अन्य लोग

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि विशाल एथलीट के क्षेत्र में काफी आगे निकल चुका था, अब तक कई मेडल भी जीत चुका था। उसके मौत की खबर मिलते की काफी लोगों की भीड़ सदर अस्पताल में जुट गई थी।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला, 12 वर्षीय किशोर की मौत

### मृतक किशोर का मौसा गंभीर रुप से घायल, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**PHOTON NEWS DHANBAD :** गोविंदपुर थाना अंतर्गत लालबंगला अपर्णा पब्लिक स्कूल के सामने बुधवार को सड़क दुर्घटना में लालू सामंतो के 12 वर्षीय पुत्र देव सामंतो की मौत हो गई। वह अपने मौसा संतोष सिंह की मोटरसाइकिल पर बैठकर चाची पुतुल सामंतो का खाना लेकर धनबाद पब्लिक स्कूल जा रहा था। पुतुल सामंतो धनबाद पब्लिक स्कूल में काम करती है। इस बीच मोटरसाइकिल को एक ट्रैक्टर ने चपेट में ले लिया। मोटरसाइकिल चालक संतोष सिंह फेंका गया और देव ट्रैक्टर के चक्के के नीचे आ गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस बीच शंकर तुरी व आसपास के लोग जुट गए व दोनों



मृत बच्चे का फाइल फोटो

को एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गए। चिकित्सकों ने देव को मृत घोषित कर दिया, जबकि संतोष सिंह का इलाज चल रहा है।

इस घटना से आक्रोशित झारखंड कॉलोनी लालबंगला के लोगों ने गोविंदपुर- धनबाद मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जाम हटाने



सड़क जाम करते आक्रोशित लोग ● फोटोन न्यूज

बीडीओ संतोष कुमार, सीआई कुमार सत्यम भारद्वाज, एसआई गोपाल चंद्र घोषाल एवं असलम अंसारी आदि पहुंचे। परंतु आंदोलनकारी कुछ समझने को तैयार नहीं थे। झामुमो नेता एजाज अहमद, राजकिशोर गोप, नितेश गोप, शंकर तुरी, शुभम कुमार, माथुर अंसारी, विनोद कुमार आदि भी पहुंचे। दो घंटे के जाम के बाद भी कोई सरकारी सहायता की घोषणा नहीं होने पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक डीएन सिंह ने अपनी ओर से ?10,000 की आर्थिक सहायता मृत किशोर के परिवार को दी। इसके बाद सड़क जाम हटा। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने किशोर का शव परिजनों को सौंप दिया और शाम में उसकी अंतिम क्रिया कर दी गई। पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार के प्रति पुलिस प्रशासन की पूरी सहानुभूति है। प्रशासन मुआवजा दिलाने की भी पूरी कोशिश करेगा। परंतु इस मामले में 2 घंटे तक धनबाद- गोविंदपुर मुख्य सड़क को जाम करना कानून को हाथ में लेना है। सड़क जाम करने से आवश्यक कार्य से तथा अस्पताल जानेवाले मरीजों को भारी परेशानी हुई। उन्होंने कहा कि सड़क जाम करने वालों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रामगढ़ में ग्रामीणों की पिटाई से युवक की मौत पर बवाल, मामला दर्ज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर-सिकनी रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास ग्रामीणों की पिटाई से एक युवक की मौत के बाद बुधवार को ग्रामीणों ने रजरप्पा में शव के साथ खूब हंगामा किया। इस मामले में मृतक जरियो गांव निवासी शमशाद अंसारी की पत्नी हसीना खातून ने रजरप्पा थाने में प्राथमिक दर्ज कराई है। पुलिस को दिए गए आवेदन में हसीना ने कहा है कि उसके पति को मुसलमान कहकर पीटा गया था। उसके शरीर के सारे कपड़े खोल दिए गए थे। मुसलमान की पहचान करने के बाद ही सिकनी गांव के लोगों ने उसे पीटा है, जिससे उसकी मौत हो गई। हसीना ने पति की मौत के लिए सिकनी गांव के ही छोटेलाल महतो, कामेश्वर महतो, पूरन महतो, राजेंद्र उर्फ रमन पटेल, बलदेव ठाकुर, हितलाल महतो और गांव के 30-40 अन्य व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराया है।

**धर्म पूछ कर शमशाद को मारा गया, यह बेहद निंदनीय : शहजाद अनवर**

शमशाद अंसारी की मौत को कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा



घटना को लेकर मामला दर्ज कराने पहुंचे लोग ● फोटोन न्यूज

अनवर ने मॉब लिंचिंग की घटना करार दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह बात अब छुपी हुई नहीं है सिकनी गांव में चारों तरफ से घेर कर शमशाद की निर्मम हत्या की गई है। उसे बचाने के लिए कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया। यह बेहद ही चिंताजनक विषय है। उन्होंने कहा कि जैसे बरही में रूपेश पांडे मामले में उसके परिजनों को सरकार ने मुआवजा और नौकरी की सुविधा दी थी। वैसे ही शमशाद के परिजनों को भी वह सारी सुविधाएं और मुआवजा मिलना चाहिए। शहजाद अनवर ने कहा कि शमशाद के हत्यारों पर जिला प्रशासन कठोर कार्रवाई करे।

**दिन के उजाले में हुई घटना बेहद निंदनीय : ममता देवी**

पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि सोशल मीडिया पर यह वारदात घिनौना प्रतीत हो रही है। इस मामले में वे खुद मुख्यमंत्री से बात करेंगी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच करे और आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई करे। साथ ही कहा कि पहले भी भीड़ ने रामगढ़ में लोगों की हत्याएं की हैं। इसमें जिला प्रशासन ने कार्रवाई की थी और न्यायालय ने भी सजा दिया था। एक बार फिर जिला प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि समाज में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

**ग्रामीणों ने ठग समझकर की थी शमशाद की पिटाई**

रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि मंगलवार को जरियो गांव निवासी शमशाद अंसारी सिकनी गांव में गया था। वहां वह हराधन महतो नामक वृद्ध व्यक्ति से मिला। उसने बताया कि वह उनके बेटे शिक्षक रामकुमार महतो का दोस्त है। शमशाद ने खुद को भी एक शिक्षक बताया और कहा कि विभागीय कार्रवाई में रामकुमार महतो को बचाने के लिए पांच हजार रुपये लगेंगे। हराधन महतो से रुपये ठगने के बाद वह वहां से निकल गया। बाद में जब हराधन महतो को सच्चाई पता चली तो उसने ग्रामीणों से यह बात साझा की। इसके बाद ग्रामीणों के साथ वह उस व्यक्ति को ढूंढने निकले। सिकनी गांव के पास ही रेलवे क्रॉसिंग के समीप ग्रामीणों को शमशाद मिल गया। वह वहां पर एक चरवाहे के वेश में था। गमछा लपेटकर घूम रहे शमशाद को ग्रामीणों ने पकड़ा और उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शमशाद को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## महुआडांड़ : सड़क दुर्घटना में कई हुए घायल हड़ताल के कारण नहीं मिला एंबुलेंस

### दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कर दिया गया रेफर

**PHOTON NEWS LATEHAR:** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के सोहरपाठ ग्राम के कई ग्रामीण एक ऑटो में सवार होकर गारु प्रखंड के बारेसाढ़ जंगल में खुखड़ी चुनने जा रहे थे। इसी दौरान दुवरसैनी घाटी में सामने से आ रही बाइक को बचाने के क्रम में ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में नंदन कंवर (19) का दाहिना पैर टूट गया और जमनी देवी पति सुईया कंवर को कमर में गंभीर चोट लग गई। इसके अलावा आधा दर्जन ग्रामीणों को भी हल्की चोटें आयी। सूचना मिलने पर बारेसांढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को महुआडांड़ सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार कर चोटिल नंदन कंवर व जमनी देवी को रेफर कर दिया गया।

**108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल का दिखा असर**

यहां से रेफर होने के बाद घायल के परिजन काफी परेशान दिखे। उन्हें रांची या डाल्टनगंज जाने





के लिए एंबुलेंस नहीं मिल पा रहा था। पूछने पर बताया गया कि वेतन भुगतान की मांग को लेकर 108 एंबुलेंसकर्मी हड़ताल में हैं। इस कारण कोई एंबुलेंस नहीं मिल पायेगा। बता दें कि दोनों घायल गरीब परिवार से आते हैं। घायल नंदन कंवर ने बताया कि वे आर्थिक रूप से बेहद कमजोर तबके के लोग हैं। मजदूरी कर घर का खर्चा चलता है। बुधवार को हमलोग खुखड़ी चुनने जंगल जा रहे थे, ताकि अगले दिन गुरुवार को महुआडांड़ के बाजार में खुखड़ी बेचकर कुछ पैसे कमाते। लेकिन यह दुर्घटना हो गयी। ऐसे में हम प्राइवेट वाहन बुक करने में असमर्थ हैं। सरकारी 108 एंबुलेंस की सुविधा मिलने से हम आसानी से बाहर इलाज करा पाते। जानकारी के अनुसार बाद में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा उन्हें किराये पर एबुलेंस उपलब्ध कराया गया। जिससे घायल गुमला में इलाज कराने गये। एंबुलेंस का किराया 2800 रुपये लिया गया। बताया गया कि प्रति किलोमीटर दस रुपये की दर से किराया लगता है और छह सौ रुपये मेंटनेंस के रूप में लिया जाता है।

### डिपो से राज्य के सभी जिलों में होगी पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति

# राधागांव में बीपीसीएल का ऑटोमेटिक ऑयल डिपो बनकर तैयार, अगले माह शुभारंभ

**PHOTON NEWS BOKARO :** बोकारो जिले के राधागांव में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का ऑयल डिपो बनकर तैयार है। इसके सितंबर के दूसरे सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। इस ऑटोमेटिक ऑयल डिपो से राज्य के सभी जिलों के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति की जाएगी। कंपनी के अधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

ज्ञात हो कि बीते दिनों रेलवे रैक से डीजल कंपनी परिसर स्थित रेलवे साइडिंग में पहुंचा था, जिसे स्टोर कर रखा गया है। डीजल को टैंकर में डालने के लिए पाइपलाइन दुरुस्त की जा रही, इसके साथ ही जहां-जहां तकनीकी दिक्कतें हो सकती हैं, कंपनी के विशेषज्ञ उन्हें दुरुस्त करने में लगे हुए हैं।

**2019 में पेट्रोलियम मंत्री ने किया शिलान्यास**



राधागांव में बना बीपीसीएल का ऑयल डिपो ● फोटोन न्यूज

राधागांव में ऑयल डिपो की आधारशिला वर्ष 2919 में राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रखी थी। चार महीने पहले बोकारो-मुरी मेन रेल लाइन के राधागांव रेलवे स्टेशन से कंपनी के अंदर तक रेल लाइन बिछाने का काम पूरा किया गया।

**25 हजार केएल है ऑयल डिपो की क्षमता**

कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, ऑयल डिपो के निर्माण पर 250 करोड़ रुपए लागत आई है। डिपो की क्षमता 25 हजार केएल है। यहां पेट्रोल, डीजल के साथ इथेनॉल व केरोसिन भी स्टोर किया जाएगा। इस डिपो पूरे राज्य में पेट्रोल, डीजल, केरोसिन व इथेनॉल सप्लाई करने की तैयारी है। अधिकारियों ने बताया कि डिपो के पूरी तरह फंक्शन में आने के बाद रांची, जमशेदपुर आदि शहरों में स्थित कंपनी के छोटे ऑयल डिपो धीरे-धीरे बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद सभी जगह यहीं से सप्लाई की जाएगी।

**ट्रायल पूरा, अब आपूर्ति की तैयारी : परियोजना प्रबंधक**

बीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक सुबोदीप शाहा ने बताया कि ऑयल डिपो का ट्रायल पूरा हो चुका है। अब यहां से पेट्रोल-डीजल की सप्लाई शुरू करने की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यदि सब कुछ ठीकठाक रहा, तो सितंबर के दूसरे सप्ताह से यहां से पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

**जर्जर सड़क पर टैंकरों को चलने में होगी परेशानी**

राधागांव और चैनपुर से बोकारो-रामगढ़ मुख्य मार्ग (एनएच 23) रेलवे फाटक तक की 6 किलोमीटर ग्रामीण सड़क काफी जर्जर स्थिति में है। ऐसे में ऑयल डिपो में तेल लेने के लिए आने वाले टैंकरों को काफी परेशानी झेलनी होगी। जर्जर सड़क को बनाने के लिए अब तक न तो राज्य सरकार ने पहल की है, न ही बीपीसीएल कंपनी ने। वैसे, कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि कुछ स्थानों पर जर्जर सड़क को दुरुस्त किया जाएगा, ताकि परेशानी कम हो।

## पलामू में परियोजनाओं के लिए चिन्हित जंगल-झाड़ी भूमि के अनापत्ति की समीक्षा





बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य कर्मी ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU:** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को विभिन्न परियोजनाओं के लिए चिन्हित की गयी जंगल-झाड़ी भूमि के लिए सैद्धांतिक रूप से निर्गत अनापत्ति से संबंधित बैठक की। उपायुक्त विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी से योजनाओं की स्टेटस से अवगत हुए। उन्होंने एक-एक कर सभी अधिकारियों से ग्राउंड पर कार्य प्रारंभ हुआ है कि नहीं, यदि हुआ है तो कार्य कहां तक पहुंचा है और कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ तो क्यों नहीं हुआ? इन सभी बिंदुओं पर जानकारी ली। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने जिले में संचालित सभी मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी डीसी को अवगत कराया। उन्होंने सभी पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रारंभ हुए सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने वन विभाग से जुड़े मामले, एनओसी, एफआरए, जीएम लैंड समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अपने स्तर से मामलों की समीक्षा कर जल्द उन मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी निमार्णाधीन कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, डीटीओ अनवर हुसैन समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

BRIEF NEWS

## आज से गोलमुरी सर्कस मैदान में डायमंड सर्कस की होगी शुरूआत



JAMSHEDPUR: गोलमुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलमुरी सर्कस मैदान में बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग लोगों के लिए 24 अगस्त से डायमंड सर्कस का शुभारंभ शुरू होगा।शहर के लोगों के मनोरंजन के लिए डायमंड सर्कस विशेष रूप से केन्या, साउथ अफ्रीका, मिजोरम व असम के कलाकार लेकर आये है, जो दर्शकों के लिए आकर्षण के केंद्र होंगे। डायमंड सर्कस शहर में 7 साल पहले लगा था। उस समय काफी संख्या में शहरवासी सर्कस का लुफ्त उठाये थे। डायमंड सर्कस के डायरेक्टर मोहम्मद शमशाद ने बताया की शहरवासियों किए सात साल के बाद डायमंड सर्कस लेकर आया हूँ।मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है की शहरवासियो का हैं पूरा प योगदान मिलेगा।

## अवकाश के लिए अब केयू के शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को ऑनलाइन करना होगा आवेदन

JAMSHEDPUR: कोल्हान विश्वविद्यालय के शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को अब अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों व कॉलेजों को निर्देश जारी किया गया है। यह आदेश 1 सितंबर से लागू हो जाएगा। विवि की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा मुख्यालय में कार्यरत सभी पदाधिकारीयों, संकायाध्यक्ष विभागाध्यक्ष, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को 1 सितंबर से अवकाश प्राप्त करने के लिए ए-रें१३ँ क्क्ष के माध्यम से आवेदन करना अनिवार्य किया जाता है। विदित हो कि अभी विवि व कॉलेजों के शिक्षक अधिकारी व कर्मचारी ऑफलाइन आवेदन अवकाश के लिए देते थे, लेकिन अब व्यवस्था पूरी तरह बदल गई है।

## रघुनाथपल्ली विधानसभा के विकास पर हुई चर्चा



ROURKELA: रघुनाथपल्ली विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुब्रत तराई ने बुधवार को राउरकेला के पत्रकारों से बातचीत की। विधायक ने उपस्थित सभी पत्रकारों को आगामी दुर्गा पूजा से पहले विधानसभा क्षेत्र के सुधार हेतु सभी समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा हेतु एक प्रेस वार्ता आयोजित करने की जानकारी दी। बुधवार को कार्यक्रम में बीजेजे प्रदेश कार्यकारी सदस्य सुधीर सुंदर राय, नगर अध्यक्ष अर्था महारणा, महिला अध्यक्ष इंदिरा नायक, संपादक मिनती बिस्वाल, प्रतिमा राऊत, गायत्री राऊत, मीडिया समन्वयक संजीव कुमार नायक, रमाकांत रथ, वीरेंद्र नारायण स्वैन, सत्यनारायण साहू, विकास चेदुरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## रक्तदाताओं को जागरूक करने देश भ्रमण पर निकले जयदेव का हुआ स्वागत

GHATSHILA : हर घर रक्तदान अभियान के तहत देश भ्रमण पर साइकिल से निकले पश्चिम बंगाल के रक्त वीर जयदेव रावत बुधवार को धालभूमगढ़ पहुंचे। धालभूमगढ़ पहुंचने पर कुड़मी संस्कृति विकास समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 1 अक्टूबर 2022 से रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए देश भ्रमण निकले है। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष स्वपन कुमार महतो ने जयदेव रावत के 11 महीने के सफर को विस्तार पूर्वक बताया एवं जयदेव ने खुद भी अपने अनुभव को लोगों से साझा किया। समिति के स्वपन महतो ने ऐसे महान निस्वार्थ भाव से रक्तदान के प्रति, जनहित में किये जा रहे प्रचार-प्रसार को काफी सराहा एवं फुल माला और शॉल ओढ़ाकर जयदेव का हौसला अफजाई किया।

# RTE के तहत आरक्षित कोटे में नामांकन लेने वाले बच्चों से फीस मांग रही स्कूल

## अभिभावक संघ ने विरोध में निकाली रैली, डीसी से की शिकायत

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: शहर के मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल व दयानंद पब्लिक स्कूल प्रबंधन के खिलाफ बुधवार को जमशेदपुर अभिभावक संघ के बैनर तले अभिभावकों ने रैली निकाली। इसमें दोनों स्कूलों में पढ़ने वाले कमजोर एवं अभिवंचित वर्ग के बच्चों के अभिभावक शामिल थे। उनके बच्चों का शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई)-2009 के तहत स्कूल में दाखिला हुआ था। प्रवेश कक्षा से आठवीं तक की पढ़ाई पूरी करने के पश्चात बच्चे जब नौवीं कक्षा में प्रमोट हो गये, तो दोनों स्कूलों के द्वारा इन बच्चों से फीस की मांग की जा रही है। साथ ही फीस नहीं देने की स्थिति में नाम काटने की चेतावनी दी गयी है। इसी के खिलाफ अभिभावकों




रैली में शामिल अभिभावक • फोटोन न्यूज

ने रैली निकाली जो साकची स्थित रेड क्रॉस भवन के पास से आरंभ हुई और उपायुक्त कार्यालय तक गयी। वहां संघ की ओर से उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संघ के अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार ने बताया कि स्कूल की कक्षा नौवीं में पढ़ रहे कमजोर एवं अभिवंचित वर्ग के बच्चों को फीस नहीं दें पाने के कारण उन्हें क्लास के अन्य बच्चों के समक्ष मानसिक रूप से प्रताड़ित करने व नाम काटकर स्कूल से बाहर कर दिये जाने की शिकायत मिली है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने उपायुक्त को बताया है कि आरटीई-2009 की धारा 12(1)(सी) के तहत कमजोर वर्ग के बच्चों का इन स्कूलों की प्रवेश कक्षा की आरक्षित सीट पर नामांकन हुआ था और वे बच्चे अब नौवीं कक्षा में प्रमोट हो गये हैं। उन्होंने बताया कि इन बच्चों से दोनों स्कूल प्रबंधन द्वारा यह कहते हुए फीस की मांग की जा रही है कि आरटीई-2009 के तहत आप सभी के आठवीं कक्षा तक ही मुफ्त शिक्षा देने कि बात थी, लेकिन अब नौवीं से आपको फीस देने होगें । इन बच्चों को अभिभावक की आर्थिक स्थिती ऐसी नहीं है कि वे स्कूल द्वारा फीस के रूप में मांगी गई मोटी रकम दें पाए। ऐसे में दोनों स्कूल प्रबंधन द्वारा इन बच्चों को पूरी क्लास के सामने मानसिक रूप से फीस देने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। साथ ही फीस के रूप में मोटी रकम की मांग की जा रही है। ऐसे में दोनों स्कूल प्रबंधनों मोतीलाल नेहरू स्कूल के चार बच्चे सौमिक महतो, देवराज कुंभकार, ज्योति महतो मोमिता समेत दयानंद पब्लिक स्कूल के संबंधित बच्चों का एडमिशन सुनिश्चित रखते हुए स्कूल प्रबंधनों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जाये।

## चंद्रयान- 3 के सफल लैंडिंग पर कलाकारों की एक टीम ने तिरंगा के साथ मनाई खुशियां



तिरंगा के साथ खुशियां मनाते कलाकार • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: शहर के कलाकारों की एक टीम ने चंद्रयान-3 के चांद पर सफल लैंडिंग के अवसर पर तिरंगा के साथ खुशियां मनाई। इस अवसर पर शहर भर के कलाकार उपस्थित थे । चांद पर सफल लैंडिंग को लेकर कलाकारों में पहले से ही उत्साह था। इसे लेकर कुछ दिन पहले ही कलाकारों की टीम ने चंद्रयान-3 नामक एक वीडियो सॉन्ग रिलीज किया गया था। जो इंटरनेट पर खूब पसंद किया जा रहा है। चंद्रयान के सफल होते ही कलाकारों में चेहरे खुशी से झूम उठे। सभी ने अपने हाथों में तिरंगा झंडा के साथ भारत माता और चंद्रयान का जयघोष किया। इस अवसर पर झारखंड बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन, उदय मूवीज के चेयरमैन, उदय साहू उपस्थित थे। चंद्रयान के चाँद पर सफल लैंडिंग को लेकर गायक अजीत अमन ने कहा कि हमारे देश के वैज्ञानिकों और एक अरब 30 करोड़ देशवासियों का सपना पूरा हो गया। वैज्ञानिकों ने देशवासियों के सपने को पूरा करने का काम किया है। अजीत अमन ने बताया कि एक देशवासी होने के नाते पिछले 2 महीने से हमारी कलाकारों की टीम चंद्रयान के सफल लैंडिंग के लिए देश वासियों में देश भक्ति के जुनून भरने के लिए वीडियो सौंग बनाने की योजना बना रहे थे। अजीत अमन ने बताया कि सभी कलाकारों का मेहनत सफल हो गया। आगे भी इस तरह के देश भक्ति गीत निर्माण समय समय पर किया जाता रहेगा। इस अवसर पर उदय साहूगायक हरिदर्शन सिंह, प्यारे लाल साहू, चिंटू यादव, हेमा साहू, राम साहू, चंदन , चुनु आदि उपस्थित थे।

## बोलेरो के टक्कर से साइकिल सवार की मौत, हंगामा





PHOTON NEWS SUNDARGARH: सुंदरगढ़ के टाउन पुलिस सीमा अंतर्गत भोजपुर के पास स्टेट हाईवे-10 पर दुर्घटना में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। घटना बुधवार की है जब एक बोलेरो ने साइकिल को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान भोजपुर के शिवा पटेल के रूप में हुई। मौत के बाद स्थानीय नागरिक गुस्से में आकर हंगामा करने लगे। गुस्साई जनता ने मुआवजे की मांग को लेकर बीजू एक्सप्रेसवे को जाम कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

## करीम सिटी कॉलेज में रघु फिल्म प्रतियोगिता की हुई शुरूआत

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: टाटा स्टील फाउंडेशन के वार्षिक जनजातीय सम्मेलन संवाद के तहत होने वाली राष्ट्रीय लघु फिल्म प्रतियोगिता 'समुदाय के साथ' की शुरूआत बुधवार को करीम सिटी कॉलेज में हुई। यह प्रतियोगिता टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा नवंबर में आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय जनजातीय सम्मेलन संवाद का हिस्सा है जिसमें देशभर से जनजाति विषयों से जुड़ी हुई फिल्में शामिल होती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ रामदयाल मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुआ। करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज ने अतिथियों का स्वागत



कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं • फोटोन न्यूज

किया। सत्र का आरंभ टीएसएफ के मुख्य जिरेन टोपनो डॉ मोहम्मद रियाज व मास कम्युनिकेशन विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ नेहा तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद टीएसएफ अंकित और सूरज ने संवाद और समुदाय के साथ की यात्रा बताई। कार्यक्रम में एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया जिसमें बारीपदा से दीपक बुरुवा, आशीष माडीं, जमशेदपुर से प्रकाश, प्रज्ञा और बापी मुर्मू शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने फिल्म निर्माण और प्रदर्शन के क्षेत्र में संवाद कार्यक्रम की भूमिका की सराहना की और नए आदिवासी युवाओं से समुदाय के साथ में जुड़ने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से फिल्म निर्माण की दिशा में काम करने के लिए कहा गया। तत्पश्चात पोस्टर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मास कम्युनिकेशन विभाग की विभाग का अध्यक्ष डॉ नेहा तिवारी ने आदिवासी अस्मिता और सिनेमा पर अपना व्याख्यान दिया। इसके पश्चात जिरेन टोपनो द्वारा डॉ मोहम्मद रियाज और डॉ नेहा तिवारी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मास कम्युनिकेशन व बीबीए के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## बणई उपजिलापाल कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन, रोजगार देने की मांग



PHOTON NEWS SUNDARGARH: बणई कोइड़ा वेदांता खदान के सामने 11 सूत्री मांगो को लेकर 5 दिनों से धरना प्रदर्शन करने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकल पाया है। मंगलवार को बणई विधायक के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने जुलूस निकाला और बणई उपजिलापाल कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। कंपनी अधिकारियों द्वारा माँगों को नहीं मानने के कारण बुधवार को उत्तेजित श्रमिक उपजिलापाल के द्वार को ठेल कर कार्यालय में घुस गए। उन्होंने खदानों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने, खदान पीड़ितों को एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने, 10 बेड वाला स्थायी चिकित्सा केंद्र बनाने और मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य प्रदान करने की मांग की। बाद में प्रशासन, विधायक, खनन अधिकारियों व स्थानीय लोगों के बीच वार्ता हुई है। खनन अधिकारियों ने कुछ मांगें मान ली हैं।

## एक महीने के अंदर हटे डॉ बीएन प्रसाद, डॉ वीणा प्रियदर्शी बनीं ग्रेजुएट कॉलेज की नई प्रभारी प्रिंसिपल

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: ग्रेजुएट कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ बीएन प्रसाद को एक महीने के अंदर ही हटा दिया गया है। उनकी जगह डॉ वीणा सिंह प्रियदर्शी कॉलेज की नई प्रभारी प्रिंसिपल बनायी गयी हैं। कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से इससे संबंधित नोटिफिकेशन बुधवार को जारी कर दिया गया है। वहीं डॉ बीएन प्रसाद पुनः केएस कॉलेज सरायकेला भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार डॉ वीणा प्रियदर्शी गुरूवार को पदभार ग्रहण करेंगी। मालूम हो कि मुकुल खंडेलवाल के 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के बाद केयू बिना राजभवन के अनुमति के डॉ बीएन प्रसाद को कॉलेज का प्रिंसिपल बनाया था। लेकिन इसका लगातार विरोध हो




रहा था। छात्र संगठन से लेकर कॉलेज की शिक्षिकाओं में भी महिला कॉलेज में एक पुरूष को प्रिंसिपल गलत ढंग से बनाए जाने को लेकर नाराजगी थी। यह मामला राजभवन तक पहुंच गया था। जिसका संज्ञान लेते हुए राजभवन ने डॉ बीएन प्रसाद के नियुक्ति को गलत बताते हुए उनकी जगह ग्रेजुएट कॉलेज के ही वरीय शिक्षिका डॉ वीणा सिंह प्रियदर्शी को कॉलेज का प्रभार सौंपने का निर्देश जारी कर दिया।

**छात्र संघ भी कर रहा था विरोध:**

डॉ बीएन प्रसाद को ग्रेजुएट कॉलेज को प्रिंसिपल बनाए जाने को छात्रनेता भी विरोध कर रहे थे। छात्र आजसू के नेता दीपक पांडे का उनका कहना था कि विवि महिलाओं को बराबर की भागीदारी देने की बात करता है लेकिन अग प्रिंसिपल नियुक्ति की बात करें तो इससे महिलाओं को मौका नहीं दिया जा रहा है। यही वजह है की केयू के 22 में से 20 कॉलेजों में पुरूष प्रिंसिपल है। यहां तक की महिला कॉलेज में भी महिला की जगह पुरूष शिक्षक को प्रिंसिपल बनाया जा रहा है। लेकिन अब डॉ प्रसाद को हटाकर महिला प्रिंसिपल की नियुक्ति के बाद छात्र संघों ने राजभवन के फैसले का स्वागत किया है।

## लेबर कमिश्नर ने माल गोदाम श्रमिक को न्यूनतम वेतन देने का आश्वासन दिया

PHOTON NEWS RANCHI: रांची में माल गोदाम श्रमिकों के प्रशिक्षण के तीसरे दिन यानी बुधवार को भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन (बीआरएमजीएसयू) के अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ परिमल कांति मंडल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद के डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने लिखित रूप से बताया कि, माल गोदाम के श्रमिको के लिए सेफ्टी सिक्योरिटी एबोंग प्रशिक्षण की जिम्मेदारी भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय से प्राप्त हुई है। और इसका कार्य 21 तारीख से रांची से शुरू हो गया है। प्रतिनिधमंडल ने न्यूनतम मजदूरी एवं विभिन्न सरकारी सुविधाओं



को शीघ्र लागू करने का अनुरोध डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर से की है। इस पर डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर ने माल गोदाम श्रमिक को न्यूनतम वेतन देने का आश्वासन दिया है।

प्रतिनिधिमंडल में संघ के केंद्रीय समिति सदस्य श्री अरूप कैवर्त, संतोष सिंहराजपूत, राजा रजनीश कुमार वर्मा, सचिन कुमार नाग, राजू कुमार उपस्थित थे।

### एक अच्छा इंसान बनना सबसे ज्यादा जरूरी: एसएसपी

# वीमेंस यूनिवर्सिटी जमशेदपुर में 'FUNDAMENTALS OF DRONE TECHNOLOGY AND ITS APPLICATIONS' पर कार्यशाला

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: वीमेंस यूनिवर्सिटी, जमशेदपुर ने एविएकुल अनमैन्ड सिस्टम्स एलएलपी, नई दिल्ली के सहयोग से 'फंडामेंटल्स ऑफ ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड इट्स एप्लीकेशंस' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुए उद्घाटन सत्र में एसएसपी प्रभात कुमार मुख्य अतिथि थे। इस सत्र की शुरूआत गणमान्य अतिथि और विभूतियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा संगीत विभाग के अध्यक्ष डॉ. सनातन दीप और संगीत विभाग के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई।

इस दौरान मुख्य वक्ता श्रेयस भार्गव और वैभव वरुण ने ड्रोन प्रौद्योगिकी के बुनियादी सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि प्रभात कुमार ने कार्यशाला की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मन की कंडीशनिंग को कैसे तोड़ा जाए और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए




कार्यशाला में उपस्थित एसएसपी व अन्य • फोटोन न्यूज

प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि संघर्ष ही सफलता की कुंजी है और उन्होंने शिक्षकों, पुस्तकालयों आदि के रूप में अपनी पहुंच के भीतर उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाने की सलाह दी। उनके अनुसार छात्र जीवन के समय अपनी रुचि के अनुसार प्राथमिकता पर ध्यान देनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सपना व्यक्ति की ताकत और कमजोरी के अनुरूप और सुसंगत होना चाहिए। दूसरे व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता रखना और एक अच्छा इंसान बनना जरूरी है।

वहीं कुलपति प्रोफेसर डॉ. अंजिला गुप्ता ने सूचना क्रांति के इस युग में सूचना के प्रसार की आवश्यकता पर चर्चा की गई। उन्होंने छात्रों के लाभ के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी में एक सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के लिए एवियाकुल के साथ एक समझौता ज्ञापन की संभावना तलाशने की बात कही।

उन्होंने एसएसपी द्वारा जमशेदपुर शहर में नशा मुक्ति अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा कैंपस के आसपास इस अभियान ने छात्राओं की सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त किया है।

**एसएसपी ने उड़ाया ड्रोन:**

एसएसपी प्रभात कुमार द्वारा ऑडोटोरियम में ड्रोन को उड़ाना उद्घाटन सत्र की प्रमुख विशेषता रही। उनकी कुशलता देख कर विशेषज्ञ ने भी मंच से कहा कि ये नही लग रहा कि वे पहली बार ड्रोन उड़ा रहे हैं।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुधीर कुमार साहू ने किया। इस सत्र के लिए डीएसडब्ल्यू डॉ. किश्वर आरा, एफओ डॉ. जावेद अहमद, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रमा सुब्रमण्यम, वाणिज्य डीन डॉ. दीपा शरण एवं सभी डीन, सीवीसी डॉ. अन्नपूर्णा झा, खेल और सांस्कृतिक निदेशक डॉ. सनातन दीप, डीओ डॉ. सलोमी कुजूर, सभी विभागाध्यक्ष सभी संकाय सदस्य, गैर-शिक्षण कर्मचारी, मीडियाकर्मी और बड़ी संख्या में सभी विभागों की छात्राएं उपस्थित थीं।

## सुंदरगढ़ में गंगाजल बस स्टैंड के पास ट्रेलर में चालक का मिला शव, हत्या की आशंका



PHOTON NEWS SUNDARGARH: जिले के कुतरा थाना अंतर्गत गंगाजल बस स्टैंड के पास एक ट्रेलर (सीजी22एक्स- 9351) से आज चालक का शव बरामद किया गया। मृतक चालक गाड़ी के अंदर लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। उसकी बायीं जांघ पर हमले के निशान थे। आशंका है कि लूटपाट के लिए उस पर हमला किया गया है। मृतक चालक की पहचान नहीं हो पाई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की और वैज्ञानिक टीम को सूचना दी गई। ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रेलर कोइदा से लौह अयस्क लेकर आ रहा था। कल रात 11 बजे की सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि उसने रामबहाल टोलगेट पार किया था।

## राउरकेलाः उदितनगर के पास बनेगा फूड कोर्ट

PHOTON NEWS ROURKELA: राउरकेलाके उदितनगर में बीएसएनएल कार्यालय के पास फूड कोर्ट के बदलाव और दुकानों के आवंटन से संबंधित बैठक मंगलवार को एडीएम राउरकेला सह आयुक्त आरएमसी डॉ. शुभंकर महापात्र की



अध्यक्षता में नगर निगम के काउंसिल हॉल में हुई। बैठक में बताया गया कि आरएमसी का लक्ष्य इस फूड कोर्ट को आधुनिक और आदर्श फूड कोर्ट में बदलना है। फिलहाल वहां अस्थायी दुकानें स्थापित की थीं और उन्होंने परिवर्तन के लिए अपना पूरा सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान काफी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

## चीनी महत्वाकांक्षा की निगरानी

चीन एक बार फिर ताइवान को धमकाने की मुद्रा में है। उसकी ताजा बौखलाहट ताइवानी उपराष्ट्रपति विलियम लाई को लेकर बढ़ी है। अपनी पराग्वे यात्रा के दौरान लाई ने अमेरिका में भी कुछ समय के लिए पड़ाव डाला और इससे चीन चिढ़ गया। लाई ताइवान में अगले राष्ट्रपति के प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे हैं। चीनी सेना ने लाई के अमेरिकी दौरे को ताइवान की स्वतंत्रता के समर्थकों द्वारा विदेशी सहायता मांगना करार देते हुए इस पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। चीनी सेना ने युद्ध की तैयारियों से जुड़ी धमकियां भी दी हैं। ताइवान की सीमा के इर्दगिर्द चीन की ओर से सैन्य गतिविधियां चलाना बहुत आम है। वन चाइना पालिसी के अंतर्गत चीन ताइवान को अपना अभिन्न अंग मानता है, जबकि वास्तविकता यही है कि 1949 से ताइवान स्वतंत्र रूप से शासित रहा है। इसके बावजूद चीन अपनी आदत से बाज नहीं आता और ताइवान के आसपास सामरिक चढ़ाई की मुद्रा में रहता है और उसके समर्थन में सुर मिलाने वाले देशों को भी धमकाता है। चीन और ताइवान के रिश्तों की तस्वीर बड़ी जटिल और बहुआयामी प्रकृति की है, जिसमें राजनीतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहलू भी जुड़े हैं। छिटपुट सैन्य गतिविधियां तो इस टकराव में एक उदाहरण मात्र है, लेकिन दोनों के बीच यह भू-राजनीतिक टकराव बहुत लंबे समय से चला आ रहा है। ताइवान पर नियंत्रण की चीन की चाह के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा पहलू तो रणनीतिक महत्व का है। चीन का मानना है कि ताइवान पर कब्जे के साथ वह अमेरिका की द्वीप श्रृंखला रणनीति को निष्प्रभावी कर देगा, क्योंकि ताइवान चीन और पश्चिमी प्रशांत महासागर के बीच एक दीवार का काम करता है। यदि चीन ताइवान पर काबिज हो जाता है तो एशिया के प्रमुख सामुद्रिक मार्गों पर उसे बढ़त हासिल हो जाएगी, जिसका वह लाभ उठाएगा। एक पहलू आर्थिक हितों का भी है। ताइवान विश्व की सेमीकंडक्टर महाशक्ति है। ऐसे में उस पर नियंत्रण के साथ चीन का विश्व के कई प्रमुख उद्योगों पर वर्चस्व और अधिक बढ़ जाएगा। ताइवान की प्रति व्यक्ति जीडीपी चीन की तुलना में तीन गुना अधिक है, जो उसकी समृद्धि को दशार्ती है। जाहिर है कि चीनी कंपनियों के लिए वहां अपार संभावनाएं होंगी। ताइवान को लेकर चीन की जिद का एक कारण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक भी है। एक समय चीनी गणतंत्र का हिस्सा रहा ताइवान 1949 में चीनी गृहयुद्ध के बाद स्वतंत्र हो गया था। चीन आज तक उसके स्वतंत्र अस्तित्व को पचा नहीं पाया है। यही कारण है कि उसे चीन का हिस्सा बनाना चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। स्वाभाविक है कि चीन में आंतरिक राजनीतिक दृष्टिकोण से भी इसके गहरे निहितार्थ हैं। ताइवान पर चीन रह-रहकर जिस प्रकार आंखें तरेरता रहता है उससे एक प्रश्न यही खड़ा होता है कि चीनी हमले की स्थिति में क्या ताइवान अपनी सुरक्षा करने में सक्षम है? इसमें कोई संदेह नहीं कि ताइवान ने अपनी सामरिक तैयारियां की हैं, लेकिन बाहरी मदद के बिना चीन का मुकाबला करने की उसकी क्षमता बहस का विषय है। चीनी मिसाइल, हवाई हमले और साइबर आक्रमण जैसे तात्कालिक खतरों से निपटने के लिए ताइवानी सेना ने मोर्चा तैयार किया है। वहीं, ताइवान रिलेशंस एक्ट के जरिये अमेरिका ने ताइवान के सामूहिक आत्मरक्षा अधिकार को मान्यता दी हुई है। हालांकि, अमेरिका ने ताइवान के साथ कोई परस्पर सामरिक समझौता तो नहीं किया, लेकिन किसी बाहरी हमले की स्थिति में उसकी सहायता का प्रविधान किया हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों ने अपने कुछ हालिया बयानों में भी ताइवान की रक्षा को लेकर सामूहिक हितों को ध्वनित किया है। ताइवान पर किसी हमले की स्थिति में भारत को भी विशेष रूप से चौकस रहना होगा और एक व्यापक रणनीति तैयार करनी होगी। विशेष रूप से दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते हुए दखल को देखते हुए भौगोलिक एवं सामुद्रिक दोनों स्तरों पर निगाह रखना जरूरी होगा। इसके साथ ही कूटनीतिक मोर्चे पर भारत प्रमुख देशों के साथ मिलकर शांति एवं स्थिरता के लिए प्रयास करे ताकि किसी एकतरफा चीनी आक्रामकता की आशंका को कमजोर किया जा सके। भारत के लिए यह भी आवश्यक होगा कि वह ताइवान पर चीनी हमले की स्थिति में आर्थिक मोर्चे पर उभरने वाले परिदृश्य से निपटने की तैयारी करे। ताइवान वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख खिलाड़ी है। खासतौर से उन्नत किस्म की चिप निर्माण का महारथी है। विश्व की सबसे बड़ी चिप निमार्ता कंपनी टीएसएमसी इस प्रमुख तकनीक के मामले में ताइवान को निर्णायक बढ़त दिलाती है। यदि ताइवान पर कोई चीनी हमला हुआ तो विश्व में सेमीकंडक्टर आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होगी। इससे कई क्षेत्रों की तमाम कंपनियां और विभिन्न उत्पादों का निर्माण प्रभावित होगा, क्योंकि आज विनिर्मित होने वाली वस्तुओं में व्यापक रूप से चिप का इस्तेमाल होता है। सेमीकंडक्टर आपूर्ति बिगड़ने के गहन आर्थिक दुष्प्रभाव होंगे और इसका खामियाजा भारत को भी भुगतना पड़ेगा। ऐसे में यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य हो गया है कि विश्व के प्रमुख देश ताइवान में चीन के किसी भी राजनीतिक एवं सैन्य दुस्साहस से निपटने के लिए एक सुविचारित रणनीति तैयार करें। इससे ताइवान पर एकतरफा कार्रवाई की चीनी हसरत पर अंकुश लगेगा। भारत भले ही मलक्का स्ट्रेट के पूर्व में व्यापक सैन्य प्रभाव न बढ़ाए, लेकिन वह चीन की किसी सामुद्रिक सैन्य आक्रामकता को रोकने में अपनी भू-रणनीतिक स्थिति का लाभ अवश्य ले सकता है।

# निर्णायक मोड़ पर ब्रिक्स

**ANALYSIS**

हर्ष वी. पंत

ब्रिक की संकल्पना के पीछे विश्व की 40 प्रतिशत जनसंख्या और एक तिहाई आर्थिकी को निर्धारित करने वाले देशों को समूहबद्ध करना था। इन देशों के नीति-नियंताओं को यह विचार जंचा और 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन के साथ ब्रिक औपचारिक रूप से अस्तित्व में आया। वर्ष 2011 में दक्षिण अफ्रीका के जुड़ाव के साथ ब्रिक अंततः ब्रिक्स हुआ। इस एकजुटता के पीछे यही उद्देश्य था कि वैश्विक आर्थिकी में इन देशों का जो योगदान है उस अनुपात में उनकी आवाज नहीं सुनी जाती तो उस स्वर को मुखर किया जाए। इनका उद्देश्य था कि एक साथ आकर वे पश्चिम के नेतृत्व और वर्चस्व वाली वित्तीय प्रणाली के दबदबे को चुनौती देकर वैश्विक आर्थिक प्रणाली को संतुलन प्रदान करेंगे। ब्रिक्स के अभी तक के सफर को देखें तो अनुभूति होगी कि कुछ दूरी तक सही चलने के बाद उसकी गाड़ी पटरी से उतर गई। इसके सदस्य देशों में अक्सर अंतर्विरोध देखे गए। विशेषकर भारत और चीन के संदर्भ में यह बात सटीक बैठती है। इस कारण भी इस संगठन की उपयोगिता और महत्व पर सवाल उठते रहते हैं। भारत के दृष्टिकोण से ब्रिक्स से उसके जुड़ाव की एक वजह यह भी थी कि वह समान विचार वाले ऐसे देशों के साथ जुड़ना चाहता था, जो चीन के निरंतर बढ़ते दबदबे और दुस्साहस की स्थिति में एक आंतरिक मंच पर उसे जिम्मेदार एवं जवाबदेह बना सकें। भारत को उम्मीद थी कि दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और रूस जैसे सहयोगी चीन पर दबाव डालकर ब्रिक्स को उसके लिए उपयोगी बनाएंगे, लेकिन बदलते समय और परिस्थितियों के दौर में यह उम्मीद धराशायी होती गई।

इस समय अंतरराष्ट्रीय ढांचा व्यापक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इस कड़ी में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर पूरी दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। भारत भी ब्रिक्स का सदस्य है। शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ एवं जी-20 की अध्यक्षता के दायित्व के साथ वैश्विक मामलों में भारत की महत्ता और बढ़ी है। इसलिए ब्रिक्स बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को भी दुनिया बहुत बारीकी से देखेगी। एक वैश्विक वित्तीय संस्थान की रिपोर्ट में ब्राजील, रूस, भारत और चीन को मिलाकर ह्वब्रिकह्ल की संकल्पना हुई थी। यह संकल्पना देखते ही देखते अंतरराष्ट्रीय सक्रियता के एक प्रमुख मंच के रूप में विकसित हो गई और अब इसके विस्तार की मांग हो रही है। ब्रिक की संकल्पना के पीछे विश्व की 40 प्रतिशत जनसंख्या और एक तिहाई आर्थिकी को निर्धारित करने वाले देशों को समूहबद्ध करना था। इन देशों के नीति-नियंताओं को यह विचार जंचा और 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन के साथ ब्रिक औपचारिक रूप से अस्तित्व में आया। वर्ष 2011 में दक्षिण अफ्रीका के जुड़ाव के साथ ब्रिक अंततः ब्रिक्स हुआ। इस एकजुटता के पीछे यही उद्देश्य था कि वैश्विक आर्थिकी में इन देशों का जो योगदान है उस अनुपात में उनकी आवाज नहीं सुनी जाती तो उस स्वर को मुखर किया जाए। इनका उद्देश्य था कि एक साथ आकर वे पश्चिम के नेतृत्व और वर्चस्व वाली वित्तीय प्रणाली के दबदबे को चुनौती देकर वैश्विक आर्थिक प्रणाली को संतुलन प्रदान करेंगे। ब्रिक्स के अभी तक




के सफर को देखें तो अनुभूति होगी कि कुछ दूरी तक सही चलने के बाद उसकी गाड़ी पटरी से उतर गई। इसके सदस्य देशों में अक्सर अंतर्विरोध देखे गए। विशेषकर भारत और चीन के संदर्भ में यह बात सटीक बैठती है। इस कारण भी इस संगठन की उपयोगिता और महत्व पर सवाल उठते रहते हैं। भारत के दृष्टिकोण से ब्रिक्स से उसके जुड़ाव की एक वजह यह भी थी कि वह समान विचार वाले ऐसे देशों के साथ जुड़ना चाहता था, जो चीन के निरंतर बढ़ते दबदबे और दुस्साहस की स्थिति में एक आंतरिक मंच पर उसे जिम्मेदार एवं जवाबदेह बना सकें। भारत को उम्मीद थी कि दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और रूस जैसे सहयोगी चीन पर दबाव डालकर ब्रिक्स को उसके लिए उपयोगी बनाएंगे, लेकिन बदलते समय और परिस्थितियों के दौर में यह उम्मीद धराशायी होती गई। एक वक्त रूस जैसे ताकतवर देश की भारत के प्रति बड़ी स्पष्ट और निकट सहयोग वाली नीति थी, लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद समीकरण बदलने शुरू हो गए। अब रूस का झुकाव चीन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में भारत के नजरिये से ब्रिक्स को लेकर नई रणनीति बनाना आवश्यक हो गया है। जिन परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स सम्मेलन आयोजित हो रहा है, उससे पूरे विश्व की निगाहें इस पर लगना स्वाभाविक हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस कदर अलग-थलग किया जा रहा है, उसके बाद यह पहला आयोजन है, जहां रूस की व्यापक सक्रियता दिखेगी। कुछ अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नोटिसों के चलते मेजबान दक्षिण अफ्रीका और रूस में सहमति बनी है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसमें नहीं आएंगे और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान यह संगठन कई मुद्दों पर चर्चा करेगा। एक मुद्दा तो डालर के विरुद्ध करेंसी रणनीति का है। यह तय है कि भारत डालर को लेकर ऐसी किसी भी रणनीति का हिस्सा नहीं बनेगा, जो वैश्विक आर्थिक मामलों में चीनी दबदबे को और बढ़ाए। इससे भी बड़ा मुद्दा ब्रिक्स के विस्तार का होगा। इस बार कई अन्य देश बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। कुछ सदस्यता के लिए आवेदन भी कर रहे हैं। चीन उनमें से कुछ देशों को स्थायी रूप से जोड़ना चाहता है। असल में विस्तार के पीछे चीन की मंशा ब्रिक्स को पश्चिम के विरुद्ध एक भू-राजनीतिक संगठन के रूप में ढालने की है, जबकि मूल रूप से यह आर्थिक सहयोग का एक मंच रहा है। चूंकि रूस भी इस समय पश्चिमी देशों के रवैये से परेशान है तो संभव है कि उसे इस पर कोई आपत्ति न हो, लेकिन ब्राजील, भारत और दक्षिण अफ्रीका ऐसे किसी खेल का हिस्सा नहीं बनना चाहेंगे। ब्रिक्स की पिछली बैठक में इसके विस्तार पर चर्चा हुई थी, लेकिन भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका इसके संभावित सहयोगी देशों को लेकर पूरी तरह आश्वस्त होना चाहते हैं कि उनका जुड़ाव इसे किस प्रकार उपयोगी बनाएगा। ये देश चाहते हैं कि विस्तार से पहले सदस्य देशों में ही अंतर्विरोध समाप्त कर व्यापक समहति बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। वैसे भी, अभी जिन नामों की चर्चा है, उनमें से अधिकांश चीनी कर्ज के जाल में फंसे हुए हैं और उसकी उस बेल्ट एंड रोड परियोजना के साथ जुड़े हैं, जिसकी राह में कई अवरोध खड़े हो रहे हैं। जाहिर है कि ब्रिक्स के विस्तार को लेकर चीन की नीयत में खोट है। चूंकि ब्रिक्स सहमति से चलने वाला संगठन है इसलिए चीन चाहकर भी मनमर्जी नहीं कर पाएगा। वहीं, भारत ने पश्चिमी देशों के साथ कोई औपचारिक गठबंधन नहीं किया है और न ही वह चीन के सामने झुकता है तो इस मामले में उसका रुख-रवैया और महत्वपूर्ण सिद्ध होने वाला है। ब्रिक्स बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ग्रीस यात्रा पर जाएंगे। किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री का 40 वर्षों बाद ग्रीस दौरा कई मायनों में अहम है। लंबे अर्से तक भूमध्य सागर क्षेत्र को लेकर उदासीनता दिखाने के बाद भारत ने इटली और स्पेन के बाद ग्रीस के साथ भी संबंधों को मजबूत बनाने की पहल की है। इस कड़ी में ग्रीस और महत्वपूर्ण है, क्योंकि बड़े पैमाने पर चीन से कर्ज लेने के कारण वह उसके प्रभाव में रहा है। अब यूरोप में चीन विरोधी धारणा मजबूत होने से ग्रीस भी रणनीति बदल रहा है। भारत और ग्रीस के संबंध तो ऐतिहासिक और सभ्यतागत कड़ियों से जुड़े हैं। ऐसे में उनमें मजबूती की अंतर्निहित संभावनाएं विद्यमान हैं। प्रधानमंत्री का दौरा इन संभावनाओं को भुनाने का ही काम करेगा। ग्रीस ने अब भारत के लिए ह्वयूरोप का द्वारह्ल बनने की पेशकश की है। लाजिस्टिक्स के मामले में वह भारत के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। ऐसे में, प्रधानमंत्री मोदी का ग्रीस दौरा यूरोप में भारत के विस्तार और चीन के प्रभाव को घटाने का भी एक जरिया बनेगा।

**(लेखक आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के उपाध्यक्ष हैं)**

# प्रशासनिक सुधारों पर आगे बढ़े सरकार

एक अनुमान है कि देश में हर साल करीब 90 लाख लोग पलायन करते हैं। इस प्रकार देखें तो देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अवसरों के अभाव में विस्थापन को विवश होता है। अवसरों का यह अभाव रोजगार के विकल्पों-मौकों की कमी और क्षेत्रीय स्थिति जैसे पहलुओं से उत्पन्न होता है। असल कारण चाहे जो हो, लेकिन यह तय है कि इतने बड़े पैमाने पर पलायन अवसरों में असमानता की पुष्टि करता है। स्मरण रहे कि किसी एक स्थान विशेष पर आर्थिक गतिविधियों का संकेंद्रण अक्सर सामाजिक अशांति एवं आक्रोश का कारण बनता है। यह स्थिति तब है जब भारत के संविधान की उद्देशिका में प्रतिष्ठा एवं अवसर की समानता का उद्घोष किया गया है। एक के बाद एक सरकारों ने इस असमानता को दूर करने की दिशा में कदम अवश्य उठाए, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पाए। हाल के दौर में लोकलुभावनवाद इसका एक कारण बनता दिख रहा है। लोकलुभावनवाद को लेकर इन दिनों जबरदस्त होड़ मची हुई है। इसी कारण बीते दिनों कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को कहना पड़ा कि मुफ्तखोरी वाली योजनाओं के चुनावी वादों को पूरा करने के लिए इस साल विधायकों के पास उनके निर्वाचन क्षेत्रों में विकास गतिविधियों के लिए धनराशि शेष नहीं बचेगी। भारत में सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने का मुख्य दायित्व देश की नौकरशाही के पास है। अफसोस की बात है कि उसका प्रदर्शन खराब रहा है। इसकी बड़ी वजह संस्थानों का सांगठनिक ढांचा, कार्य संचालन का ढर्रा और जवाबदेही की कमी है। भारत ने नौकरशाही का सांगठनिक ढांचा अपने औपनिवेशिक शासकों से विरासत में लिया। उसके लिए स्टील फ्रेम यानी इस्पाती ढांचे की उपमा भी गढ़ी गई। उससे अपेक्षा की गई कि यह ढांचा न केवल कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखेगा, बल्कि सरकारी खजाने के लिए राजस्व भी जुटाएगा। स्वतंत्र भारत में प्रशासनिक ढांचा इस प्रकार कायम रहा कि उसका नाम तक नहीं बदला गया और उसे डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट या डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ही कहा जाता रहा। राजनीतिक स्वतंत्रता ने राष्ट्र-राज्य को जनता की, जनता द्वारा और जनता के लिए सरकार में बदल दिया। उत्कृष्ट संविधान ने विधायिका को कानून बनाने, कार्यपालिका को उन्हें लागू करने और न्यायपालिका को एक समतामूलक समाज के निर्माण का दायित्व सौंपा। यह सब तो हुआ, लेकिन प्रशासनिक मशीनरी को आवश्यक रूप से पुनर्गठित नहीं किया गया। जबकि स्वतंत्र भारत में जनकल्याण की दिशा पूर्ववर्ती शासन से बिल्कुल अलग थी। इसके बावजूद समानता और न्याय वितरण के अग्रदूत बनने के बजाय सरकारें ह्वमाई बाप की सरकारह्ल और अधिकारी हुजूर ही बने रहे। स्वतंत्रता की मध्यरात्रि पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषण नियति से साक्षात्कार में कहा था, भारत की सेवा का अर्थ उन करोड़ों लोगों की सेवा से है, जिन्हें कष्ट उठाने पड़े। इसका अर्थ होगा गरीबी, अज्ञानता और बीमारियों का अंत और अवसरों की समानता सुनिश्चित करना। इसके उलट अवसरों में असमानता के अतिरिक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आय और जीवन की गुणवत्ता के स्तर पर विसंगतियां अपूर्ण वादों को ही दशार्ती हैं। राजनीतिक बिरादरी वोट बैंक की राजनीति में उलझी रही। उसने सशक्तीकरण की राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास नहीं किया। उलटे वे जनता को झुनझुना ही पकड़ाते गए। जनता के लिए पर्याप्त रूप से समान अवसर सृजित ही नहीं किए कि लोग गरिमा और आत्मविश्वास के साथ जी सकें। अब अमृतकाल में भारत ने विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, केवल प्रति व्यक्ति जीडीपी ही सफलता का पैमाना नहीं होना चाहिए। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री जोसेफ स्टिगलिट्ज का मानना है, जीडीपी में स्वास्थ्य, शिक्षा, अवसरों की समानता, पर्यावरण की स्थिति और जीवन की गुणवत्ता से जुड़े अन्य संकेतक प्रतिबिंबित नहीं होते। हमें इस बात का मर्म समझना होगा। अमृतकाल में हमें सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक भारतीय शिक्षित हो। शिक्षित होने से आशय मात्र साक्षर होने से नहीं है। इसी अमृतकाल में प्रत्येक देशवासी को गुणवत्तापरक नागरिक सुविधाएं, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं और एक सार्थक आर्थिक सक्रियता के लिए अवसरों की समानता भी मिले। जीवन से जुड़ी अपनी न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लोगों को किसी सरकार या प्रशासनिक अमले के आगे हाथ न फैलाना पड़े। इसके बजाय लोग उनके साथ बैठकर राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने और बेहतरी की दिशा में आगे बढ़ने पर मंत्रणा करें। समय आ गया है कि अपने नागरिक एवं पुलिस प्रशासन के ढांचे का व्यापक रूप से कायाकल्प किया जाए, ताकि वह संवैधानिक दायित्वों को आवश्यक रूप से पूरा करने में सक्षम बन सके। कायाकल्प की इस यात्रा का आरंभ दायित्व के नाम परिवर्तन से होना चाहिए। हमें जिले के प्रमुख को मजिस्ट्रेट के बजाय मैनेजर यानी प्रबंधक के रूप में संबोधित करना होगा। उनकी भूमिका, दायित्व और जवाबदेही को नए सिरे से तय करना होगा। उन्हें मनमाने ढंग से काम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। देश में इस समय काफी कुछ अच्छा भी हो रहा है। जैसे स्वास्थ्य, आवास, पानी और बिजली के स्तर पर स्थिति सुधरी है। एक बड़ी हद तक इसका श्रेय मोदी सरकार को जाता है, जो मिशन मोड में काम करते हुए अपनी योजनाओं को कारगर रूप से धरातल पर उतारने में सफल हो रही है। यह स्थिति तब और बेहतर हो सकती है, जब नौकरशाही के ढांचे को नए सिरे से गढ़ा जाए और प्रत्येक स्तर पर सक्रिय अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए। इस दिशा में आवश्यक सुधारों में अब विलंब नहीं किया जाना चाहिए। इन सुधारों से विकसित राष्ट्र की राह खुलेगी।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



ब्रिक्स बिजनेस फोरम ने मुझे भारत के विकास पथ और 'व्यवसाय करने में आसानी' और सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालने का अवसर दिया। साथ ही डिजिटल भुगतान, बुनियादी ढांचे के निर्माण, स्टार्टअप की दुनिया और अन्य क्षेत्रों में भारत की प्रगति पर जोर दिया।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



जोहान्सबर्ग ब्रिक्स नेताओं के खड़े होने के स्थान को चिन्हित करने के लिए हर देश के झंडे को जमीन पर रखकर मार्क किया था। प्रधानमंत्री जी ने तिरंगे को उठाकर जेब में रख लिया और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने भी मोदी जी का अनुसरण किया।

**(पूर्व सीएम रघुवर दास के ट्विटर अकाउंट से)**



सारठ में स्थानीय विधायक श्री रणधीर सिंह जी एवं पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने स्वागत किया ' कार्यकताओं का उत्साह और उमंग देख कर मन अत्यंत प्रसन्न है । इस प्रेम एवं स्नेह के लिए हृदय से सबका आभार व्यक्त करता हूँ।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# जो छपता है, वह शत-प्रतिशत सच नहीं होता!

यह एक गंभीर सबक है हर जिम्मेदार पत्रकार के लिए। एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक के पूर्व वरिष्ठ संपादक की गफलत, नासमझी और असावधानी का अंजाम है कि राजस्थान कांग्रेस में द्वंद्वयुद्ध ढीला पड़ गया। भाजपा को हानि हो गई। कारण ? इस पार्टी ने बुनियादी व्यावहारिक नियम की अनदेखी कर दी कि अखबार में जो छपा वह शत-प्रतिशत सच नहीं होता। इस तथ्य की अनुभूति अब भाजपा को पूर्णतया हो जानी चाहिए। तो क्या मामला है ? राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट में टकराव हो रहा है। इसका भाजपा को लाभ होता। सोनिया-कांग्रेस के समक्ष उठापटक की समस्या उभर रही थी। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बांसवाड़ा (राजस्थान) दौरे पर (1 नवंबर 2022) कांग्रेस की इस गुटबाजी का उल्लेख सार्वजनिक तौर पर किया था। मगर अशोक सिंह लक्ष्मण सिंह गहलोत अपने पिताजी की भांति स्वयं भी जादूगर हैं। हर संकट को माकूल बना लेने की विलक्षणता रखते हैं। पर घटनाक्रम ने तेजी से करवट बदला गत 10 अगस्त से। तब लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि किस भांति 5 मार्च 1966 को इंदिरा गांधी ने मिजोरम में भारतीय नागरिकों पर बमबारी कराई थी। यहां तक बात ठीक थी। मोदी के इस त्रासदपूर्ण घटना के वर्णन से लोकसभा में विपक्ष, खासकर कांग्रेस की दशा दयनीय हो गई थी। संदर्भ मणिपुर का था। यूं प्रतिक्रिया राष्ट्रव्यापी हुई थी। सवाल उठा कि क्या यह मानवीय था कि भारतीय वायुसेना अपने ही नागरिकों पर बमबारी करे ? प्रधानमंत्री ने सदन में कहा था- ₹नार्थ ईस्ट हमारे जिगर का टुकड़ा है।₹ इंदिरा गांधी ने मिजोरम के हिंदुस्तानी नागरिकों पर वायुसेना द्वारा 5 मार्च 1966 को बमबारी करवाई थी। कांग्रेस शासन द्वारा 1947 से की गई लंबी उपेक्षा के कारण बागी मिजो आजादी मांग रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने सवाल किया-क्या मिजोरम के लोग देश के नागरिक नहीं थे? उस दौर में मेजर जनरल रुस्तम जाल काबराजी 61 माउंटेन ब्रिगेड का थलसेना का कमांड अगरतला में कर रहे थे। उनकी सहायता के लिए भारतीय वायुसेना के 29 स्क्वेड्रन और 14 स्क्वेड्रन भेजे गए थे। बागडोगरा वायुयान स्थल से तूफानी (फ्रांसीसी डसाल्ट आरागन) जहाज तैनात किए गए थे। विवाद इस पर उठा कि क्या भारतीय वायुसेना के बमवर्षकों में राजेश पायलट शामिल थे ? वे भारतीय वायुसेना के अफसर थे। इस बात को इंडियन एक्स्प्रेस के संपादक शेखर गुप्ता ने 2011 में लिखा था। इसी को 2020 में उन्होंने दुहराया था। करीब 35 वर्षों बाद। इस विषय पर भाजपा नेता अमित मालवीय ने लिखा कि राजेश पायलट और सुरेश कलमाड़ी भारतीय वायुसेना के उन विमानों को उड़ा रहे थे। गमनीय बात इस प्रकरण में यह है कि स्वर्गीय राजेश पायलट राष्ट्रभक्त सैनिक अफसर थे। उनका राजनीति में प्रवेश और काबीना मंत्री बनना भी एक बड़ा दिलचस्प वाकया है। दिसंबर 1971 की बात है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सामने एक युवा पायलट आया जो तभी पूर्वी पाकिस्तान की जमीन पर बम बरसा कर लौटा था। प्रधानमंत्री से बोला- ह्लपीएम मैडम मेरा एक ड्रीम है। मैं राजनीति में आना चाहता हूं।ह्व जहां अन्य पायलट केवल सैल्यूट करके आगे बढ़ रहे थे। वहीं उस पायलट ने प्रधानमंत्री से अपना सपना साझा किया। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जवाब दिया - ह्लगुड देखते हैं।ह्व युवा पायलट का नाम था राजेश्वर प्रसाद विधूड़ी, यानी राजेश पायलट, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वैदपुरा गांव के रहने वाले थे। वर्ष 1979 की एक सुबह राजेश पायलट को दिल्ली से एक फोन कॉल आया। तब वह जैसलमेर में तैनात थे। दूसरी तरफ स्वयं इंदिरा गांधी थीं, जो उस वक्त प्रधानमंत्री नहीं थीं। इंदिरा गांधी ने उन्हें कहा - ह्लसमय आ गया है, अब तुम्हारा ड्रीम पूरा होने वाला है। तुम्हें राजनीति में आना है।

# बातचीत से हल निकले

आज चीन के साथ 19वें दौर की कोर कमांडर स्तर की बातचीत होनी है। ये बातचीत काफी अहम है और माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच किसी सहमति पर बात बन सकती है। अगले सप्ताह पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने वाले हैं। पूर्वी लद्दाख में LAC के पास बने गतिरोध को दूर करने के लिए भारत और चीन के बीच सैन्य स्तर की एक और बातचीत सोमवार को होने जा रही है। वैसे तो यह बातचीत का 19वां दौर है लेकिन इसे खास महत्व दिया जा रहा है तो उसकी कई वजहें हैं। दोनों तरफ जल्द से जल्द सहमति की गुंजाइश तलाशने को लेकर एक पॉजिटिव दबाव बनने की उम्मीद स्वाभाविक है। याद किया जा सकता है कि 2017 में डोकलाम में दोनों देशों की सेनाओं के बीच ढाई महीने से चला आ रहा गतिरोध पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी की तय मुलाकात से कुछ ही दिन पहले दूर हुआ था। तब ब्रिक्स देशों की ही चीन में होने वाली शिखर बैठक में दोनों नेता मिलने वाले थे। लेकिन यह बात भी सही है कि 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में असामान्य गिरावट आई। हालांकि लगातार बातचीत से LAC के कुछ विवादास्पद स्थानों पर सेना को पीछे ले जाने पर सहमति हासिल की जा चुकी है, लेकिन आज भी कुछ जगहों को लेकर विवाद बना हुआ है, साथ ही सीमा पर दोनों तरफ 50 हजार से ज्यादा सैनिक भी तैनात हैं। ऐसे में देशों के रिश्तों में विश्वास का संकट बना हुआ है। चीन का जोर इस बात पर है कि LAC के विवाद को दरकिनार करते हुए दोनों देश रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिश करें, लेकिन भारत ने साफ कर दिया है कि जब तक LAC पर 2020 से पहले की यथास्थिति नहीं कायम की जाती तब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। अभी तो सबसे बड़ा सवाल है कि रिश्तों में आ चुके विश्वास के संकट को कैसे हल किया जाए, कौन से ऐसे कदम उठाए जाएं जिनसे विश्वास बहाली में मदद मिले और सीमा पर तैनात सैनिकों में टकराव की स्थिति न बने।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# टीम इंडिया को लेकर सौरव गांगुली का बयान, कहा- 'इससे अच्छा पेस अटैक नहीं हो सकता'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप के लिए चुने गए खिलाड़ियों में से तो कुछ ने 6 महीने तो कुछ ने एक साल से वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। लेकिन पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को लगता है कि टीम इंडिया एशिया कप के साथ वर्ल्ड कप भी जीत सकती है। दरअसल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की टीम इंडिया में वापसी हुई है। जिससे टीम का मध्यक्रम मजबूत हुआ है। वहीं, बुमराह और प्रसिद्ध ने भी लंबे समय से कोई वनडे नहीं खेला है। शमी भी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते दिखेंगे।

वहीं गांगुली को लगता है कि रोहित शर्मा एंड कंपनी वर्ल्ड कप विजेता बनने के लिए तैयार है। पूर्व कप्तान गांगुली ने कहा कि, ये एक बहुत मजबूत टीम है। बुमराह वापस आ गए हैं, जिससे टीम और भी मजबूत हो गई है। गेंदबाजी आक्रामण बहुत अच्छा है। शमी, बुमराह, सिराज इससे बेहतरीन तेज गेंदबाजी आक्रमण नहीं मिल सकता है। स्पिन में जडेजा रिस्ट स्पिनर होंगे और शानदार बैटिंग भी करते हैं। भारत एक शानदार टीम है, जिसे बस एशिया कप और वर्ल्ड कप के दौरान अच्छा और दृढ़ विश्वास के साथ क्रिकेट खेलना होगा।

बता दें कि, श्रेयस अय्यर ने पिछला वनडे इस साल की शुरूआत यानी जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। वहीं, राहुल ने पिछला वनडे 22 मार्च 2023को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। अय्यर को कमर में चोट लगी थी, जबकि राहुल आईपीएल 2023 के दौरान जांघ में चोट लगने से वो क्रिकेट मैदान से दूर हो गए थे।

# विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप: त्रिसा-गायत्री की जोड़ी प्रीक्वार्टरफाइनल में पहुंची



**कोपेनगेहन (एजेंसी)।** भारतीय खिलाड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां मजबूत प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई और यांग चिन टुन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

गायत्री और त्रिसा की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली थी, उन्होंने 37वीं रैंकिंग पर काबिज चांग और यांग की जोड़ी को 38 मिनट में 21-18 21-10 में हराया। यह भारतीय जोड़ी आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के पिछले दो चरण के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उनका सामना अगले दौर में चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान की शीर्ष वरीय जोड़ी से होगा।

त्रिसा और गायत्री पहले 2-5 से पिछड़ रही थी लेकिन जल्द ही उन्होंने रैली के जरिये अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गलतियां कम करते हुए 8-6 से बढ़त बना ली। चांग और यांग हालांकि 8-8 की बराबरी पर आ गयी लेकिन भारतीय जोड़ी ताइवान की जोड़ी के नेट पर शॉट लगाने से ब्रेक तक 11-9 से आगे हो गई। ब्रेक के बाद त्रिसा और गायत्री 14-11 से बढ़त बनाये थीं। तभी त्रिसा ने कुछ गलतियां कर दी लेकिन भारतीय जोड़ी चांग और यांग की सर्विस गलती से चार गेम प्वाइंट हासिल करने में सफल रहीं।

यांग के शॉट के नेट पर जाने से भारतीय जोड़ी ने गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने यही लय बनाये रखी और एक समय 8-5 से आगे चल रही थीं। एक ताकतवर सर्व से भारतीयों ने ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाये रखी। गायत्री और त्रिसा जल्द ही 14-8 से आगे हो गयी। उन्हें ऊंचाई के कारण सर्विस की गलती के लिए बुलाया गया लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को गलतियों की वजह से 19-10 से बढ़त बना ली। यांग के फोरहैंड के नेट में जाने से भारतीय जोड़ी 10 मैच प्वाइंट से आगे थे और फिर प्रतिद्वंद्वी के वाइड जाने से मैच जीत लिया।

# कुछ वर्षों में देश में खेलों में बड़ा बदलाव आया : अनुराग ठाकुर




**जयपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में खेलों में बड़ा बदलाव आया है और खेलो इंडिया ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अनुकूल माहौल प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि देश में महिला खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

ठाकुर जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में 'खेलो इंडिया सेंटर' का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल राज्य का विषय है लेकिन केंद्र सरकार भी देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा, 'अगर राज्य और केंद्र सरकार मिलकर खेलों को बढ़ावा देने के लिए काम करें तो देश के खिलाड़ी निश्चित तौर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' केंद्रीय मंत्री ने राज्य में नए जिलों के गठन को देखते हुए और अधिक 'खेलो इंडिया' केंद्र खोलने और राजस्थान में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र खोलने की घोषणा की।

# भारतीय क्रिकेटरों ने भी मनाया चंद्रयान 3 की लैडिंग का जश्न

**बुडापेस्ट (एजेंसी)।** खेल डैस्क :भारत ने बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास अपने अंतरिक्ष यान - चंद्रयान -3 को सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। दक्षिणी ध्रुव पर जमे हुए पानी और मूल्यवान तत्वों के संभावित भंडार हैं। चंद्रयान शाम 6:04 बजे धीरे से चंद्रमा की सतह पर उतरा। यह देखकर बेंगलुरु में इसरो वैज्ञानिकों की सभा तालियां की आवाज से गूंज उठीं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने गए पीएम नरेंद्र मोदी ने भी लैंडिंग का नजारा देखा और सभी को बधाई दी। इसी बीच भारतीय क्रिकेटर भी अपने फैंस को चंद्रयान की सफलता की बधाई देने से पीछे नहीं हटे। एक तरफ जहां आयरलैंड में खेल रही टीम इंडिया के चीयर्स की वीडियो बीसीसीआई ने शेयर की तो दूसरी ओर भारतीय क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट शेयर कीं।





## शुबमन गिल को वनडे रैंकिंग में हुआ फायदा, विराट कोहली को पछाड़ा

नई दिल्ली ।भारतीय बल्लेबाज शुबमन गिल आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर रवि बिश्नोई की टी20 रैंकिंग में सुधार आया है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले वनडे के बाद आईसीसी द्वारा जारी रैंकिंग में गिल के 743 रेटिंग अंक है और वह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज हैं। आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत की कप्तानी कर रहे बुमराह सात पायदान चढकर 84वें स्थान पर पहुंच गए जबकि बिश्नोई 17 पायदान चढकर 65वें स्थान पर हैं। बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ 143 पायदान चढकर 87वें स्थान पर हैं। सूर्यकुमार यादव टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। वनडे में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पहले और इमाम उल हक तीसरे स्थान पर हैं। भारत के विराट कोहली नौवें और कप्तान रोहित शर्मा 11वें स्थान पर बने हुए हैं। टेस्ट में भारतीय स्पिनर आर अश्विन गेंदबाजों में और रविंद्र जडेजा हरफनमौलाओं में शीर्ष पर हैं।

## अभिनेत्री सैयामी खेर की गेंदबाजी से बोल्ड हुए सचिन तेंदुलकर

मुंबई ।सचिन तेंदुलकर करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।हाल ही में अभिनेत्री सैयामी खेर ने सचिन से मुलाकात कर अपनी घूमर फिल्म के लिए सीखी गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए नजर आई। अभिनेत्री ने अपनी फिल्म घूमर की एक निजी स्क्रीनिंग की मेजबानी कर सचिन को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। स्क्रीनिंग के बाद सचिन ने सैयामी से अनुरोध किया था कि वह उन्हें दिखाएं कि उन्होंने फिल्म में बाएं हाथ से कैसे गेंदबाजी की थी। दरअसल घूमर में सैयामी एक बल्लेबाज की भूमिका निभाती हैं जो एक दुर्घटना में अपना दाहिना हाथ खो देती है। एक पूर्व क्रिकेटर ( अभिषेक बच्चन द्वारा अभिनीत रोल ) की मदद से सैयामी का किरदार अनीना बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी करना सीखती है और भारतीय टीम में अपनी जगह बनाती है।

## आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में चहल के खेलने की उम्मीदें खत्म



नई दिल्ली ।एशिया कप के लिए भारतीय टीम का चयन हो चुका है। टीम की घोषणा सोमवार 21 अगस्त को मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदगी में की। टीम में स्पिनर युजवेंद्र चहल का नाम ना होने के बाद से ही चर्चा हो रही है। माना जा रहा है कि एशिया कप के लिए चुनी गई टीम ही आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप की संभावित टीम है। इसके बाद लगभग तय हो गया है कि अब चहल का विश्व कप खेलना भी मुश्किल है। एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का इंतजार काफी वक्त से हो रहा था। भारत में इस साल होने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप से पहले चुनी गई टीम टूर्नामेंट की संभावित टीम मानी जा रही है। दिग्गजों ने बताया कि इसी टीम के साथ भारत को आगे आईसीसी टूर्नामेंट में उतरना चाहिए। एशिया कप की टीम में 1 नाम का ना होना कई पूर्व क्रिकेटरों को खला है। लगभग सभी पूर्व खिलाड़ियों ने चहल का नाम टीम में ना होने पर हैरानी जाहिर की है। दरअसल जुलाई में ही एशियन गेम्स के लिए चयनकर्ताओं ने टीम का चयन किया था। इस टीम में जिन खिलाड़ियों को नाम शामिल था उनके विश्व कप खेलने की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी है। एशियन गेम्स और विश्व कप का आयोजन आस पास होना है। चहल का नाम ना तब एशियन गेम्स की टीम में शामिल किया गया और ना ही एशिया कप की टीम में उन्हें जगह दी गई। चहल ने अब तक 72 वनडे मुकाबले खेलकर कुल 121 विकेट चटकाए हैं। 42 रन देकर 6 विकेट उनका सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। 2 बार वनडे में चहल एक पारी में 5 विकेट लेने का कमाल कर चुके हैं। टी20 की बात करें तब भारत की तरफ से 80 मुकाबले में 96 विकेट चहल ने चटकाए हैं।


# भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 6-2 से हराया



**डसेलडोर्फ (जर्मनी) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बुधवार को यहां इंग्लैंड को 6-2 से हराकर चार देशों के टूर्नामेंट-डसेलडोर्फ 2023 में तीसरा स्थान हासिल किया। भारत की ओर से नीलम (25वें मिनट), अनु (26वें और 43वें मिनट), सुनेलिता टोप्पो (35वें मिनट), हिना बानो (38वें मिनट) और मुमताज (40वें मिनट) ने गोल दागे। इंग्लैंड की तरफ से क्लॉडिया स्वेन (16वें मिनट) और चार्लोट बिनगैम (54वें मिनट) ने गोल किए।

पहले क्वार्टर में दोनों टीम ने तेज शुरुआत की लेकिन दोनों ही टीम पहले क्वार्टर में गोल करने में नाकाम रहीं। दोनों टीम का डिफेंस भी पहले क्वार्टर में काफी मजबूत रहा। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अच्छी शुरुआत की लेकिन मैच का पहला गोल इंग्लैंड की ओर से स्वेन ने दागा। भारत ने इसके बाद हमले तेज किए। टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे नीलम ने गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। मंगलवार को स्पेन के खिलाफ गोल करने वाली अनु ने शानदार मैदानी गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। मध्यांतर तक भारत 2-1 से आगे था। बढ़त बनाने के बाद आत्मविश्वास से भरे भारत ने तीसरे क्वार्टर में लगातार हमले किए। सुनेलिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 3-1 किया। हिना ने स्कोर 4-1 जबकि मुमताज और अनु ने भी भारत की बढ़त को 6-1 तक पहुंचाया। इंग्लैंड ने बिनगैम के गोल से हार के अंतर को कम किया।

# सिंधु को मिली ओकुहारा से हार, लक्ष्य ने पदक जीतने की संभावना बरकरार रखी



**कोपेनहेगन (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में दो पूर्व चैंपियनों के मुकाबले में जापान की नोजोमी ओकुहारा से हारकर बाहर हो गईं। हालांकि, लक्ष्य सेन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर एक और पदक जीतने की अपनी संभावना बना रही हैं। 22 वर्षीय लक्ष्य ने कोरिया गणराज्य के जियोन ह्योक-जिन को 36 मिनट में हराया। भारत के लिए कुछ और झटके लगे जब वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन की मिश्रित युगल जोड़ी राउंड 64 के मुकाबले में जर्मनी के जोन्स राल्फी जानसन और लिंडा एफ़लर से हार गई। स्विट्जरलैंड के बासेल में 2019 संस्करण में महिला एकल का खिताब जीतने के लिए फाइनल में ओकुहारा को हराने वाली सिंधु 44 मिनट की मुठभेड़ में जापानी स्टार से हार गईं।

सिंधु, जिन्होंने 2016 में रियो ओलंपिक में रजत और फिर टोक्यो में कांस्य जीता, आमने-सामने की लड़ाई में पुरानी प्रतिद्वंद्वी ओकुहारा से 10-9 से पीछे हैं और दोनों के बीच कई करीबी मुकाबले हुए हैं। लेकिन रॉयल एरेना के कोर्ट नंबर 2 पर हुआ मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें सिंधू दूसरे गेम में 9-0 की बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही। ओकुहारा ने 9-6 की बढ़त बनाने से पहले पहले गेम में शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई। हालाँकि, सिंधु ने 9-9 से बराबरी कर ली, लेकिन जापानी शटलर ने फिर से बढ़त बना ली और 12-10 से आगे बढ़ते हुए 21-14 से पहला गेम जीत लिया।28 वर्षीय सिंधु के लिए दूसरे गेम की शुरुआत अच्छी रही और उन्होंने 9-0 की बढ़त बना ली। ओकुहारा, जो बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 36वें स्थान पर खिसक गई हैं जबकि सिंधु 15वें नंबर पर हैं, उन्होंने अपनी लय वापस हासिल की और लगातार पांच अंक हासिल किए और फिर 10-5 से चार और अंक जीतकर स्कोर 10-9 ला दिया। जापानी शटलर ने 12-12 के स्कोर पर सिंधु को पछाड़ा और फिर ताकत से आगे बढ़कर 21-14 से गेम जीत लिया, स्पष्ट रूप से अपनी बेहतर फिटनेस के दम पर जीत हासिल की। सिंधु को पहले राउंड में बाई मिली थी। अपने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलते हुए लक्ष्य ने पहले गेम में शुरुआती बढ़त बनाई और फिर अपनी बढ़त बरकरार रखी। 6-4 की बढ़त से भारतीय शटलर ने 10-4 की बढ़त बनाई और फिर इसे 13-6 कर दिया। लक्ष्य ने अपना पलड़ा भारी बनाए रखा और पहला गेम 21-11 से जीत लिया। यह सिलसिला दूसरे गेम में भी जारी रहा और लक्ष्य ने 4-1 की बढ़त बना ली और जियोन ह्योक-जिन के खिलाफ हमेशा अच्छी बढ़त बनाए रखते हुए जीत हासिल की।

## विश्व कप शतरंज फाइनल – प्रज्ञानन्दा नें कार्लसन को ड्रॉ पर रोका




बाकू, अजरबैजान।फीडे विश्व कप शतरंज के फाइनल में मात्र 18 वर्ष की आयु में पहुँचकर इतिहास बनाने वाले भारत के आर प्रज्ञानन्दा और विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और पाँच बार के विश्व चैम्पियन मैगनस कार्लसन के बीच पहला क्लासिकल मुक़ाबला बराबरी पर खत्म हो गया है और अब सबकी निगाहे दूसरे क्लासिकल मुक़ाबले पर लगी है जिसमें जीतने वाला खिलाड़ी विश्व कप जीत जाएगा जबकि ड्रॉ होने पर निर्णय टाईब्रेक के जरिये निकाला जाएगा ।सफ़ेद मोहरो से खेल रहे प्रज्ञानन्दा नें इस मुक़ाबले में अपने वजीर के तरफ के ऊंट के सामने वाले प्यादा दो घर चलकर या यूं कहें की इंग्लिश ओपनिंग खेलकर गेम की शुरुआत की कार्लसन नें भी जबाब में कार्लसन नें अपने दोनों घोड़े बाहर निकालते हुए फोर नाइट्स वेरिएशन खेला, खेल की 7वीं चाल में कार्लसन को चौंकाया – प्रज्ञानन्दा नें यहाँ अनुभवी कार्लसन को खेल की सातवीं चाल में अपना ड्ड4 प्यादा चलकर चौंका दिया ,इस चाल का प्रयोग कार्लसन के खिलाफ 2020 में रूस के यान नेपोमनिशी नें किया था ,खैर कार्लसन नें समहलकर खेलते हुए प्रज्ञानन्दा को बढ़त बनाने का कोई मौका तो नहीं दिया और प्रज्ञानन्दा की बेहतर स्थिति को भापते हुए लगातार मोहोरो की अदला बदली की, खेल की 18वीं चाल तक दोनों के वजीर भी खेल से बाहर हो गए थे और 35 वीं चाल के बाद जब दोनों के पास एक हाथी, एक घोडा और तीन प्यादे थे मुक़ाबला ड्रॉ पर समाप्त हो गया ।अब कल कार्लसन जब सफ़ेद मोहरो से खेलेंगे तो प्रज्ञानन्दा कम से कम उन्हे ड्रॉ पर रोककर रैपिड टाईब्रेक पर खेल को ले जाना चाहेंगे जिसमें उन्होने विश्व नंबर 2 यूएसए के नाकामुरा और विश्व नंबर 3 फबियानों करूआना को मात दी है ।विश्व कप विजेता को एक लाख दस हजार डॉलर तो उपविजेता को 80 हजार डॉलर दिये जाएंगे ।

# लंबी कूद के फाइनल्स में पहुंचे एल्ड्रिन, श्रीशंकर क्वालीफिकेशन दौर से बाहर

**मैड्रिड (एजेंसी)।** राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी लंबी कूद के एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन ने बुधवार को यहां पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया लेकिन उनके साथी प्रतिस्पर्धी मुरली श्रीशंकर खराब प्रदर्शन के बाद क्वालीफिकेशन दौर से बाहर हो गये।

एल्ड्रिन ने अपने पहले प्रयास में 8.0 मीटर की कूद लगायी लेकिन अगले दो प्रयासों में 'फाउल' कर गए। यह प्रदर्शन उन्हें गुरुवार को होने वाले 12 खिलाड़ियों के फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। फाइनल्स में वही एथलीट पहुंचते हैं जो 8.15 मीटर की कूद लगाते हैं या फिर दो क्वालीफिकेशन ग्रुप के शीर्ष 12 पर रहते हैं। मार्च में 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एथलीट के तौर पर उतरे एल्ड्रिन ग्रुप बी क्वालीफिकेशन दौर में छठे स्थान पर रहे और वह दोनों ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ 12वें एथलीट के तौर पर अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल्स में पहुंचे।

श्रीशंकर ने 7.74 मीटर, 7.66 मीटर और 6.70 मीटर के निराशाजनक प्रयास किये। वह ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में 12वें स्थान से कुल 22वें स्थान पर रहे। उनका क्वालीफिकेशन दौर से बाहर होना भारतीय खेमे के लिए बुरी खबर रही क्योंकि 3000 मीटर स्टीपलचेस एथलीट अविनाश साबले पहले ही फाइनल्स में पहुंचने में विफल रहे थे जिनसे कम से कम फाइनल्स में पहुंचने की उम्मीद थी।

श्रीशंकर इस सत्र में एल्ड्रिन से ज्यादा निरंतर रहे थे, वह कई मौकों पर आठ मीटर की कूद लगाने में सफल रहे थे। उन्होंने जून में भुवनेश्वर में 8.41 मीटर से अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। जुलाई में एशियाई चैम्पियनशिप में 8.37 मीटर की कूद से उन्होंने रजत पदक जीता था। श्रीशंकर की यह तीसरी विश्व चैम्पियनशिप थी, वह 2022 विश्व चैम्पियनशिप में सातवें स्थान पर रहे थे।

एल्ड्रिन के लिए यह दूसरी विश्व चैम्पियनशिप है। वह अमेरिका में 2022 चरण में क्वालीफिकेशन दौर से बाहर हो गये थे। एल्ड्रिन और श्रीशंकर दोनों ने सत्र के सर्वश्रेष्ठ लंबी कूद खिलाड़ियों की सूची में क्रमश:पहले और दूसरे स्थान की रैंकिंग से विश्व चैम्पियनशिप में प्रवेश किया था।



## पुरुष और महिला खिलाड़ियों को समान वेतन देने वाला देश बना दक्षिण अफीका

जोहान्सबर्ग ।दक्षिण अफीका पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान वेतन प्रदान करने वाले देशों की लिस्ट में शामिल हुआ है।द.अफीका ने पुरुष और महिला क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए समान मैच फीस देने की घोषणा की है। दक्षिण अफीका की महिला क्रिकेटरों के लिए मैच फीस में बदलाव अगले महीने शुरू होगा जब वे एशियाई टीम के खिलाफ छह मैचों के सफेद गेंद दौरे के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेंगी।द.अफीका का नवीनतम विकास राष्ट्रीय महिला टीम के लिए बेहद सफल 18 महीनों के बाद आया है,जिसमें उन्हें 2022 में न्यूजीलैंड में महिला क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचाया और फिर इसकी शुरुआत में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी कर फाइनल में जगह बनाई। न केवल महिला अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने पुरुष समकक्षों के समान मैच फीस अर्जित करेंगी, बल्कि महिलाओं की घरेलू लीग भी पेशेवर होंगी।नई घरेलू संरचना मौजूदा 16–टीम, दो–स्तरीय सेट–अप से अपनी रूपरेखा लेगी जिसे शीर्ष छह और निचले दस में विभाजित किया गया है, बाद वाले को पदोन्नति–प्रत्यारोपण प्रणाली के साथ पांच–पांच के दो समूहों में विभाजित किया गया है। शीर्ष छह टीमों को अब अधिकतम 11 खिलाड़ियों को अनुबंधित करने की अनुमति दी जाएगी– पिछली छह की तुलना में पांच अधिक – और वे अपने सेट–अप में अधिक पूर्णकालिक कोच और सहायक स्टाफ भी जोड़ सकेंगे। शीर्ष छह टीमें 50–ओवर और 20–ओवर की प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करेंगी, दृश्यता बढ़ाने के लिए सबसे छोटे प्रारूप के मैच पुरुषों की प्रतियोगिता के समान दिन खेले जाने की संभावना है।

# सबा के साथ विदेश में वेकेशन एंजॉय किया ऋतिक ने



हाल ही में एक्टर  ऋतिक रोशन ने अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ विदेश में वेकेशन एंजॉय किया। ऋतिक अब छुट्टियां मना कर वापस आ चुके हैं। उनकी वेकेशन की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसे देखने के बाद हर फैन उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहा।  ऋतिक रोशन ने हमेशा अपने लुक्स से फैंस का ध्यान खींचा है। वह चाहे किसी फिल्म के लिए हो, पार्टी के लिए या फिर वेकेशन के दौरान क्लिक की गई तस्वीरों की। फैंस उन्हें हर अंदाज में पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें ऋतिक रोशन का गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। इन तस्वीरों में एक्टर कि शर्टलेस फोटो में पहले और बाद में वाला हाल नजर आया है, जिसे देखकर फैंस उनकी उम्र पर सवाल करने लगेंगे।

ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई और पुरानी फोटो शेयर की है। इन शर्टलेस फोटोज में एक्टर की जबरदस्त फिटनेस और ट्रांसफॉर्मेशन नजर आ रही है। उनके एब्स और मसल्स कमाल के लग रहे हैं। पुरानी फोटो में ऋतिक को पूल से निकलते देखा जा सकता है। गीले बालों के साथ वह अपनी मसल्स फ्लॉन्ट करते देखे जा सकते हैं। वहीं, नई फोटो में ऋतिक जिम में नजर आ रहे हैं। ऋतिक का ट्रांसफॉर्मेशन देख हर कोई हैरान है। इन फोटोज पर सबा आजाद ने भी कमेंट किया।

उन्होंने ऋतिक की बाद वाली तस्वीर को पसंद करते हुए उन्हें ज्यादा चीज खाने की सलाह दी है। उनके अलावा सुमित व्यास सहित अन्य सिलेब्रिटिज ने भी ऋतिक के टोन्ड मसल्स पर प्यार लुटाया है। इस वर्सटाइल एक्टर के वर्कफ्रंट की बात करें, तो फैंस उन्हें फाइटर और वॉर 2 फिल्म में देखेंगे। फाइटर जनवरी, 2024 में रिलीज होगी। बता दें कि एक्टर ऋतिक रोशन एक्टिंग के अलावा अपने लुक्स को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। उनके शार्प फेशियल फीचर्स के साथ ही टोन्ड बॉडी के लिए भी फैंस से तारीफें सुनने को मिलती हैं।



# सलमान का नया लुक...सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपना नए गंजे लुक से फैंस को चौंका दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान को ब्लैक शर्ट और मैचिंग ट्राउजर पहने देखा जा सकता है। उन्होंने हेयरस्टाइल में गंजा स्टाइल रखा है, यह देख हर कोई हैरान है। उनके नए लुक को देखने के बाद फैंस ने अंदाजा लगाया कि यह हेयरस्टाइल उन्होंने आने वाले प्रोजेक्ट के लिए रखा होगा। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि सलमान शाहरुख खान की एक्शन थ्रिलर जवान का प्रमोशन कर रहे हैं, जिसमें शाहरुख भी गंजे लुक में हैं।

एक फैंस ने लिखा कि तेरे नाम मूवी राधे लुक। ओल्ड सलमान इज बैक। वह मास्टरपीस फिल्म सुल्तान की तरह दिख रहा है। भाईजान जवान को प्रमोट कर रहे हैं। सुल्तान 2 या तेरे नाम 2..? तेरे नाम 2 लोड हो रहा है? हालांकि, सलमान ने अपने नए लुक के बारे में कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं सलमान आखिरी बार शाहरुख की फिल्म पठान में कैमियो रोल में नजर आए थे। उन्हें फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित एक्शन कॉमेडी किसी का भाई किसी की जान में भी देखा गया था। उनकी अगली फिल्म टाइगर 3 है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित है। फिल्म में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी अहम भूमिका में हैं।

# दीपिका को देख धड़कने लगा था दिल: दुलकर



बालीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को लेकर रोपोसो पर एक चैट सेंशन के दौरान एक्टर दुलकर सलमान ने बडा खुलासा किया। एक्टर ने कहा कि वह दीपिका पादुकोण के बहुत बड़े फैन हैं। दुबई में पहली बार उनको देखकर दिल तेजी से धड़कने लगा था। दुलकर को नेटफ्लिक्स पर अपकमिंग रिलीज गन्स एंड गुलाब के अनुरूप एक स्टार को या तो एक गुलाब या एक गन देनी थी। यह पूछे जाने पर कि वह दीपिका को क्या देंगे, उन्होंने खुलासा किया, गुलाब, क्योंकि वह मेरे लिए गुलाब की तरह है। मैं ओम शांति ओम के बाद से दीपिका का बहुत बड़ा फैन रहा हूं। मुझे याद है जब मैं दुबई में काम कर रहा था तो वह कार्तिक कॉलिंग कार्तिक (2010) के प्रीमियर के लिए वहां आ रही थी। मैं किसी तरह प्रीमियर के लिए टिकट पाने में कामयाब रहा।

मैं रेड कार्पेट के किनारे खड़ा था, जहां मैंने उन्हें पहली बार व्यक्तिगत रूप से देखा था। यह मेरे लिए एक (ओम शांति ओम) पल था! जहां उन्होंने दीपिका के प्रति अपने प्यार के बारे में बात की, वहीं उन्होंने शाहरुख खान, सलमान खान, अमिताभ बच्चन, अल्लू अर्जुन जैसे सितारों को एक गुलाब दिया, जबकि, उन्होंने रजनीकांत को एक गन दी।  लाइव शो के दौरान, उनसे यह भी पूछा गया कि क्या उनके साथ कभी कोई क्रेजी फैन मोमेंट आया है, तो उन्होंने बताया, मैं अपने सभी फैंस से प्यार करता हूं। मैं उस वक्त टेंशन में आ जाता हूं जब युवा फैन अपनी बाइक पर मेरा पीछा करते हैं। यह बहुत डरावना है और उनके लिए सुरक्षित नहीं है। प्लेटफॉर्म पर लाइव शो के दौरान दुलकर ने रश्मिका मंदाना के सामी सामी, राम चरण के नाटू नाटू, कैटरीना कैफ के चिकनी चमेली जैसे स्टार्स के हुक स्टेप्स भी किए और बातें भी की। गन्स एंड गुलाब फर्स्ट की एक मनोरम कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में गुलाबगंज नामक अप्रत्याशित और अनिश्चित शहर में स्थापित की गई थी।

# 'सुखी' के साथ सिनेमाघरों में वापसी करने जा रहीं शिल्पा शेट्टी




बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी फिल्म 'सुखी' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। सोनल जोशी द्वारा पहली निर्देशित फिल्म 'सुखी' का निर्माण क्रिटिक्स द्वारा प्रशंसित और बहुचर्चित शेरनी, छोरी और जलसा जैसी फिल्मों के प्रड्यूसर्स अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट और टी-सीरीज़ के द्वारा किया गया है। एयरलिफ्ट, शेरनी, छोरी और जलसा जैसे ब्लॉकबस्टर पर एक सफल सहयोग के बाद टी-सीरीज और अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट ने अपने मजेदार मनोरंजन 'सुखी' की देशभर में थिएट्रिकल रिलीज की घोषणा की। यह फिल्म सोनल जोशी की पहली डायरेक्टोरियल फिल्म है, जो भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विक्रम मल्होत्रा और शिखा शर्मा द्वारा निर्मित है। इसमें कुशा कपिला, दिलनाज़ ईरानी, पवलीन गुजराल, चैतन्य चौधरी और अमित साध के साथ बेहतरीन अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में नज़र आ रहीं हैं। फिल्म को राधिका आनंद ने लिखा है, और इसका स्क्रीनप्ले पॉलोमी दत्ता द्वारा लिखा गया है। सुखी 38 वर्षीय पंजाबी हाउसवाइफ सुखप्रीत 'सुखी' कालरा और उसके दोस्तों की कहानी है, जो 20 साल बाद अपने स्कूल के रीयूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाते हैं। ढेर सारे अनुभवों और भावनाओं से गुज़रते हुए और अपने जीवन के सबसे कठिन परिवर्तन करते हुए एक पत्नी और माँ होने के बाद फिर से एक महिला बनने तक सुखी एक 17 वर्षीय लड़की बनकर दोबारा से ज़िंदगी का आनंद उठाती हैं। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर हाल में जारी किया है, जो दर्शकों को सुखी की दुनिया की पहली झलक दिखाता है। फिल्म के प्रति दर्शकों का उत्साह बढ़ता जा रहा है, जो फिल्म बफ्स को एक ऐसा मज़ेदार और यादगार अनुभव देगा, जिससे उनके जेहन में यह फ़िल्म सदा के लिए बस जाएगी। सुखी 22 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# तेलुगू ड्रामा फिल्म ब्रो का होने जा रहा है डिजिटल प्रीमियर

टॉलीवुड सुपरस्टार पवन कल्याण और साई धर्म तेज की फिल्म ब्रो का अब डिजिटल प्रीमियर होने जा रहा है। फिल्म ब्रो को सिनेमाघरों में मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। लेकिन अब यह फिल्म अपने डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। अब यह फिल्म 25 अगस्त 2023 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म की ओटीटी रिलीज की तारीख की घोषणा नेटफ्लिक्स इंडिया के इंस्टाग्राम पर की गई, जिसने तस्वीर का एक पोस्टर जारी किया और कैप्शन दिया गया कि समय कीमती है, लेकिन इस बार यह शक्तिशाली है। बताया जा रहा है क समुथिरकानी द्वारा निर्देशित तेलुगू भाषा की अलौकिक-फंतासी-कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 2021 की तमिल फिल्म विनोदया सीथम का रूपांतरण है, जिसका कंटेंट समान था। जबकि विनोद्या सीथम बॉक्स ऑफिस पर सफल रही, वहीं ब्रो इतनी सफल नहीं रही। रीमेक होने के लिए ब्रो की काफी आलोचना की गई, क्योंकि तेलुगु सिनेमा अपनी रचनात्मकता के लिए प्रसिद्ध है।

वहीं अन्य लोगों ने मूल तमिल फिल्म को अपनाने के इसके अधिक अनूठे दृष्टिकोण के लिए इसकी प्रशंसा की। यह फिल्म मजबूत रचनात्मक हास्य के साथ अलौकिक तत्वों को जोड़ती है, जिससे यह एक अनोखी और दिलचस्प घड़ी बन जाती है, जिसे अधिकांश दर्शकों ने स्वीकार किया है। ब्रो के पास ज्यादा व्यापक अपील नहीं थी। यह तेलुगू भाषी क्षेत्रों में सिमट गई, तमिल क्षेत्रों में कुछ सफलता मिली और कर्नाटक और केरल में बहुत कम या कोई सफलता नहीं मिली।




# अदा शर्मा पर्दे पर बनेंगी फीमेल सुपरहीरो



'द केरल स्टोरी' की सफलता के बाद से एक्ट्रेस अदा शर्मा की लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। 'द केरला स्टोरी' अब तक की महिला प्रधान फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म रही है। इस फिल्म की सफलता के बाद से ही अदा के पास कई प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है।

कमांडो फैंचाइजी से अपनी एक्शन छवि के लिए जानी जाने वाली अदा शर्मा आगे एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट में एक महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अदा हाल ही में रिलीज हुई कमांडो सीरीज में भावना रेड्डी की भूमिका निभा रही हैं।

अदा की सीरीज के एक्शन और पंचलाइन डायलॉग्स के एडिट और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसी बीच हाल ही में एक इंटरव्यू में अदा से पूछा गया कि उनका पसंदीदा एक्शन सुपरहीरो कौन है तो अदा ने कहा 'हनुमानजी'। सोशल मीडिया पर फैंस उनके अनोखे जवाब से शांत नहीं रह पा रहे हैं।

इस बारे में पूछे जाने पर अदा कहती हैं, हनुमानजी की वीरता को उनकी विनम्रता, उनकी ताकत और एकनिष्ठ भक्ति, उनके ध्यान, उनके ज्ञान के साथ जोड़कर इतना शक्तिशाली नायक नहीं देखा गया है। वह उत्कृष्ट संगीतकार भी थे। वह कोई भी रूप धारण करने की शक्ति रखते है... एक छोटी मक्खी से लेकर पहाड़ के आकार के सुनहरे शरीर तक। वह मेरे सुपरहीरो हैं।

अदा ने हाल ही में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए सिलंबम करते हुए एक वीडियो साझा किया था जो ऑनलाइन जगत में वायरल हो गया था। इसके अलावा 1920 में उनकी पहली फिल्म में उनका सबसे लोकप्रिय दृश्य हनुमान चालीसा का पाठ करना था जब आत्मा उनको अपने कब्जे में ले लेती है।